दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 15 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 327 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# देर रात जारी किया गया बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव परिणाम

# बार अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी बने, तो सचिव पर मिली वरुण त्यागी को जीत







वरुण त्यागी, *सचिव*

## अधिवक्ताओं ने किया नए अध्यक्ष और सचिव का स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार की देर रात गाजियाबाद बार एसोसिएशन की वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी के लिए लगभग 30 सदस्यों के चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर ब्रह्मदेव त्यागी ने बाजी मारी। तो वहीं बार सचिव के पद पर वरुण त्यागी विजयी हुए। जैसे ही चुनाव अधिकारी व एल्डर कमेटी ने विजेता पदाधिकारियों की घोषणा की, उसके बाद अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं को पहनाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।

बता दें कि शुक्रवार को बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। जिसमें 2784 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बार एसोसिएशन गाजियाबाद की नई कार्यकारिणी को चुना है। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर कचहरी परिसर में सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और लोकल इंटेलीजेंस के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि किसी प्रकार का हंगामा एवं गड़बड़ी न होने पाए।

### इन पदों पर विजयी हुए प्रत्याशी

*अध्यक्ष*
ब्रह्मदेव त्यागी
*सचिव*
वरुण त्यागी
*वरिष्ठ उपाध्यक्ष*
आदेश गर्ग
कनिष्ठ उपाध्यक्ष
विनय पंवार
*कोषाध्यक्ष* : खुशनुमा परवीन
*सह सचिव प्रशासन*
सुनील कुमार
सह सचिव पुस्तकालय
अमित पाल

### इनको चुना गया वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारण में निर्विरोध

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वार्षिक चुनाव 2025-26 में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अब्दुल्ला एडवोकेट, नरेंद्र कुमार वत्स ,भारत भूषण, सुधीर सहलोत ,ब्रह्म प्रकाश प्रजापति और मोहम्मद सलीम को चुना गया है। तो वहीं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में मानवेंद्र तंवर, गर्व मित्तल, अमित नागर, अरुण कुमार, तुषार वशिष्ठ और सुमित चौधरी को चुना गया है।





### यह प्रत्याशी रहे चुनाव मैदान में





करंट क्राइम : बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी चुनाव में एल्डर कमेटी में शामिल डॉ. शबनम खान ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष पद के लिए राकेश त्यागी निवाड़ी, मुनीष कुमार त्यागी, नरेश चौधरी, ब्रह्मदेव त्यागी, अतुल्य शर्मा और चंद्रकांत शर्मा ने नामांकन किया। तो वहीं सचिव पद पर शशिकांत भाटी, हरेंद्र कुमार गौतम, वरुण त्यागी, स्नेह कुमार त्यागी के नाम हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में अशोक चौधरी आदेश कुमार गर्ग, श्रीमती पंकज श्रीवास्तव व ओम प्रकाश सिंह सामने आए हैं। इसके साथ ही कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए विनय पंवार, मोनू सेठी, अतुल त्यागी, रूचिन मेहरा का नाम है। कोषाध्यक्ष के लिए पूनम गुप्ता, सचिन कुमार सेन, नरेश कुमार शर्मा, संजय कश्यप और खुशनुमा प्रवीण का नाम आया है। तो सह सचिव प्रशासन में गुलफाम सिद्दीकी, रिचा सिंह, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार ने नामांकन किया। सह सचिव पुस्तकालय के लिए पंडित राजेंद्र कुमार गौतम, अमित पाल और मयंक श्रीवास्तव ने दावेदारी पेश की थी।

# बिहार में एनडीए को प्रचंड जनादेश

## पीएम मोदी बोले- बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया





**नई दिल्ली:** बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। बिहार में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बीजेपी की इस प्रचंड जीत पर बीजेपी के कार्यकर्ता, नेता सभी खुश है। पीएम मोदी ने कहा कि यह जनादेश नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर हमारे विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. पीएन अरोड़ा को दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता एवं समाचार संपादक दीपक भाटी ने जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर एचआरआईटी कॉलेज के प्रमुख अंजुल अग्रवाल एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर सुशील द्विवेदी मौजूद रहे।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा के जन्मदिवस पर गाजियाबाद के तमाम लोगों ने बधाई दी। इसी क्रम में दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता एवं समाचार संपादक दीपक भाटी ने उनके आवास पर पहुंचकर उनको बधाई दी एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर पुत्र विपुल शर्मा, पौत्र पार्षद शिवम शर्मा और नवेन्दु सक्सेना मौजूद रहे।

# बिहार का जनादेश स्वीकार मगर यूपी में नहीं होगी सपा की हार : राकेश यादव



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने बिहार चुनाव में ये दावा किया था कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो यहां गठबंधन चुनाव जीतेगा बिहार चुनाव के नतीजे आने के बाद दैनिक करंट क्राइमने जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता माईबाप होता है जनादेश हमें स्वीकार है लेकिन मैं एक बार फिर स्पष्ट कर दूं कि बिहार की कहानी यूपी में रीपीट नहीं होगीऔर यूपी में समाजवादी पार्टी की हारनहीं होगी उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिहार चुनाव के नतीजोंका कोई असर नहीं होगा। बिहार चुनाव में भाजपा को मिले जनादेश के बाद पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर उनका प्रबंधन ठीक रहा है और विपक्ष से कहीं चूक हुई होगी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के साथ साथ यहां भाजपा को केन्द्र में सरकार होने का लाभ मिला। बिहार में सरकार वाले दल के साथ होने का लाभ मिला। प्रशासन से लेकर अन्य सरकारी एजेन्सीयां यहां भाजपा को सपोर्ट कर रही थीं। विपक्ष के पास वादे थे और भाजपा ने यहां महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रूपये भी भेज दिये। इस तरह की अनेक घटनायें हैं। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि हार का एक बड़ा कारण बड़े पैमाने पर भाजपा का दुष्प्रचार भी रहा।

भ्रामक प्रचार में लोग बहकावे में आ गये और धन बल के सहारे ये चुनाव जीता गया। हालाकि उन्होंने एक बार फिर कहा कि लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि होता है और जनता के फैसले को हम स्वीकार करते हैं।

## बिहार में बीजेपी के प्रलोभन ने बदला चुनाव : फैसल हुसैन



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने बिहार चुनाव के परिणाम पर कहा है कि बिहार में जिस तरीके से एसाईआर का अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 65 लाख वोट काट दिए गए, उन वोट की जांच नहीं की गई। साथ ही जिस तरीके से चुनाव आयोग को बिहार चुनाव में अपनी भूमिका निभाई थी, वह भी नहीं निभाई गईं। जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कहा है कि भाजपा द्वारा जो 10000 रुपए का बिहार चुनाव में खुला प्रलोभन दिया है। उससे पूरा चुनाव बदला है, पर उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ पर पीडीए प्रहरी को नियुक्त किया जाएगा ताकि बिहार चुनाव की तरह उत्तर प्रदेश में कोई गड़बड़ी न होने पाए। उन्होंने कहा है कि बिहार में जिस तरीके से बीजेपी ने विपक्षी दलों के साथ बर्ताव किया है वह भी ठीक नहीं रहा है।

## बिहार जैसे परिणाम राजनीति के लिए घातक : सिकंदर यादव



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के नेता ,प्रखर वक्ता व विचारक सिकंदर यादव ने कहा है कि जिस तरीके से बिहार में चुनाव आए हैं, वह डेमोक्रेसी के लिए खतरनाक है। पहले मध्य प्रदेश, फिर गुजरात और महाराष्ट्र में एक ही सरकार का रिपीट होना और वह भी पहले चुनाव से अधिक मतों और सीट के साथ विजय होना भी कहीं ना कहीं सवालों के घेरे में आता है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ऐसे परिणाम आ रहे हैं ,तो चुनाव आयोग और विपक्षी दलों को भी इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए। ऐसा कैसे हो सकता है कि बिहार में एंटी इनकंबेंसी ना हुई हो, वहां बेरोजगारी, अशिक्षा और अपराध विषय ना बना हो। सिकंदर यादव ने कहा है कि अगर इसी तरीके से चलता रहा तो आगामी भविष्य के चुनाव पर भी सवाल उठेंगे।

### बीएलओ ड्यूटी से गायब शिक्षक पर बड़ी कार्रवाई!

# 72 घंटे गायब रहने पर निलंबित







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में गंभीर लापरवाही बरतने पर प्राथमिक विद्यालय बब्बलगढ़ी के सहायक अध्यापक रविन्द्रपाल सिंह को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (56-गाज़ियाबाद) द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर गणना प्रपत्र लेने के निर्देश दिए गए थे, जिसके लिए रविन्द्रपाल सिंह को इछड ड्यूटी सौंपी गई थी। नोटिस, व्हाट्सऐप संदेश और फोन कॉल के माध्यम से सूचना देने के बावजूद उन्होंने लगातार 72 घंटों तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं की, जिससे पूरे पुनरीक्षण कार्यक्रम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ के निदेर्शों के तहत यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-32 के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना गया है। विभाग ने इसे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और घोर लापरवाही करार देते हुए निलंबन आदेश जारी किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव द्वारा जारी आदेश में उन्हें निलंबित कर कम्पोज़िट विद्यालय उस्मानगढ़ी में अस्थायी रूप से संबद्ध किया गया है। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर ने भी कठोर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की थी।

# सिक्योरिटी गार्ड और बाउंसर्स का जनसामान्य के साथ व्यवहार सम्मानजनक हो : जिलाधिकारी

### 'दुर्व्यवहार की शिकायत मिली तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी'

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द कुमार माँदड़ ने जनपदवासियों को अवगत कराया कि जनता की सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन के दौरान लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि विभिन्न आरडब्ल्यूए, एओए , विकासकर्ताओं और निजी व्यक्तियों द्वारा तैनात किए गए सेक्योरिटी गार्ड/बाउन्सर्स अलग-अलग प्रकार की वर्दियाँ पहनते हैं तथा कई स्थानों पर लोगों को डराने-धमकाने की प्रवृत्ति अपनाते हैं, जिससे अनावश्यक भय का माहौल बनता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसा व्यवहार बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।




जिलाधिकारी ने जनपद की सभी आरडब्ल्यूए, एओए, डेवलपर्स तथा निजी संस्थाओं से अपील की कि वे अपने यहां कार्यरत सिक्योरिटी गार्डों और बाउन्सर्स को स्थानीय निवासियों से सम्मानपूर्ण व सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के लिए अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि उनकी वर्दी शालीन एवं सामान्य स्वरूप की हो, ऐसी न हो जिससे जनता को यह भ्रम हो कि वे पुलिस या सेना के सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि सेक्योरिटी स्टाफ का आचरण किसी भी स्थिति में जनता के प्रति अपमानजनक नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी गार्ड/बाउन्सर या उनसे संबंधित संस्था के खिलाफ दुर्व्यवहार, डराने-धमकाने या निर्देशों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तुरंत अमल में लाई जाएगी।

# 'रविवार को पुलिस की महादौड़'

## वॉकथॉन 2025 में दिया जाएगा स्वास्थ्य का संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में यातायात माह के तहत रविवार 16 नवम्बर को भव्य वॉकथॉन 2025 का आयोजन किया जाएगा।




सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस लाइन से होगी। कार्यक्रम में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और शहर के विशिष्ट नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

वॉकथॉन का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और साथ ही स्वस्थ रहने का संदेश देना है। इस मौके पर एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी और डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिशेन अतिथियों का स्वागत करेंगे। दोनों अधिकारी प्रतिभागियों को सुरक्षित यातायात, हेलमेट-सीट बेल्ट के उपयोग और सड़क पर सतर्क रहने के महत्व पर संदेश भी देंगे।




### रामलीला मैदान कवि नगर से शुरू होगी दौड़

करंट क्राइम : कार्यक्रम का मुख्य आयोजन स्थल रामलीला मैदान, कविनगर, गाज़ियाबाद तय किया गया है, जहाँ सुबह आठ बजे वॉकथॉन का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। यातायात पुलिस कमिश्नरेट ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपील की है।



# बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएँ

## जनता ने विकास और सुशासन के मॉडल पर जताया भरोसा



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं उम्मीद से अधिक जीत के बाद गाज़ियाबाद और पश्चिम उत्तर प्रदेश के भाजपा नेताओं ने व्यापक प्रतिक्रियाएँ दीं। नेताओं ने कहा कि बिहार का यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व पर जनता की गहरी आस्था का प्रमाण है। अधिकांश नेताओं ने माना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासनिक अनुभव ने मिलकर एक भरोसेमंद मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने जातीय राजनीति और नकारात्मक प्रचार को पीछे छोड़ दिया। नेताओं ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्गों और लाभार्थियों के बीच एनडीए की योजनाओं का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसके चलते कई सीटों पर पारंपरिक समीकरण भी टूट गए। जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से इस जनादेश को विपक्ष के लिए एक संदेश और एनडीए के लिए, जनता के निरंतर समर्थन की पुष्टि बताया।

### एनडीए की जीत जनता के विश्वास की मजबूती का प्रतीक – रमेश चंद तोमर



करंट क्राइम। पूर्व सांसद, भाजपा रमेश चंद तोमर ने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत स्पष्ट रूप से दिखाती है कि जनता अब अनुभव, सुशासन और राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं और नीतीश कुमार के प्रशासनिक मॉडल ने लोगों में विश्वास जगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल आरोप लगाए, लेकिन जनता ने उसके चुनावी वादों को विश्वसनीय नहीं माना। उन्होंने कहा कि यह जीत आने वाले राज्यों के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत है।

### किसानों और ग्रामीण परिवारों ने शासन की निरंतरता पर मुहर लगाई : राम नरेश रावत



करंट क्राइम। पूर्व विधायक गढ़मुक्तेश्वर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा राम नरेश रावत ने कहा कि बिहार के इस जनादेश में ग्रामीण वोट निर्णायक रहे और उन्होंने विकास आधारित मॉडल पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कृषि सुधार योजनाएँ, फसल सहायता कार्यक्रम, ग्रामीण सड़क नेटवर्क और आवास योजनाएँ सीधे ग्रामीण जीवन पर प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसानों के मुद्दों पर केवल बयान देता रहा, जबकि एनडीए ने जमीन पर काम किया।

### राष्ट्रीय नेतृत्व पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ – मानसिंह गोस्वामी



करंट क्राइम। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्व महानगर अध्यक्ष गाज़ियाबाद मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा रखती है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में यह नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मतदाताओं ने इसका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष न केवल बिखरा हुआ था, बल्कि उसके पास कोई राष्ट्रीय दृष्टि भी नहीं थी। जबकि एनडीए ने स्पष्ट दिशा और स्थिर शासन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत विश्वसनीय और मजबूत नेतृत्व की जीत है।

### जनता ने स्पष्ट नेतृत्व और काम को प्राथमिकता दी : आशु वर्मा



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने इस बार पूरी तरह स्पष्ट नेतृत्व को वोट दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियाँ कई वर्षों से निरंतरता और परिणाम दे रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नीतियाँ अस्पष्ट थीं और जनता उनमें भरोसा नहीं कर पा रही थी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश विकास, ईमानदार नेतृत्व और सुशासन का समर्थन है।

### बिहार की जीत सुशासन और विकास की जीत है : संजीव कुमार गुप्ता



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और भाजपा महानगर के कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड बहुमत और भाजपा को नंबर वन पार्टी बनने पर सभी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि बिहार की जीत नीतीश बाबू के परिपक्व सुशासन और देश के विकास पुरुष, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौमुखी विकास की देन है। बिहार की जागरूक जनता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार की ही उन्हें जरूरत है। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में बिहार के बाद पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में भी ऐसे ही परिणाम सामने आएंगे। क्योंकि देश की जनता का अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है।

### युवाओं ने अवसर और आशा के पक्ष में मतदान किया : विभु बंसल



करंट क्राइम। अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिलखुआ विभु बंसल ने कहा कि बिहार की जीत में युवाओं का निर्णायक योगदान रहा, और इसका कारण यह है कि एनडीए सरकार ने पिछले वर्षों में रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश करता रहा, लेकिन युवाओं ने जमीन पर हो रहे बदलाव और योजनाओं की पहुंच को देखकर ही निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश संकेत देता है कि युवा अब स्थिर, कार्यक्षम और पारदर्शी शासन को ही अपना समर्थन देंगे।

### जनता ने स्थिरता को प्राथमिकता दी, गठबंधन प्रयोग खारिज हुआ : केडी त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा नेता केडी त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि जनता अब अनिश्चित नेतृत्व या प्रयोगवादी राजनीति को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय नीति और नीतीश कुमार के राज्यस्तरीय अनुभव का संयोजन मतदाताओं को भरोसा देता है कि सरकार निर्णय लेने में सक्षम और जवाबदेह है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का गठबंधन शुरूआत से ही असंगत और बिखरा हुआ था, जिसके कारण लोग उसे स्थिर विकल्प नहीं मान पाए। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास और भरोसे के मॉडल की जीत है, न कि किसी राजनीतिक समीकरण की।

### बिहार में विकास की राजनीति की जीत : अजय गुप्ता



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली निर्णायक जीत पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल भाजपा के अजय गुप्ता ने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संयुक्त नीतियों पर जनता के भरोसे की स्पष्ट मुहर है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पूरे चुनाव में सिर्फ आरोपझ्रप्रत्यारोप और भ्रम फैलाने की राजनीति की, जबकि जनता उन दलों के साथ खड़ी हुई जिन्होंने धरातल पर काम कर दिखाया। अजय गुप्ता ने कहा कि रोजगार, सड़क, स्वास्थ्य और उद्योग विस्तार जैसे मुद्दों पर एनडीए की योजनाएँ प्रभावी रहीं। यह जीत इस बात का संदेश है कि जनता सकारात्मक राजनीति चाहती है, न कि वादों और जातिगत जोड़झ्रतोड़ पर आधारित एजेन्डा।

### बिहार के मतदाताओं ने जवाबदेही और सुशासन को चुना : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद एवं डिप्टी मेयर, नगर निगम गाज़ियाबाद प्रवीण चौधरी ने कहा कि बिहार चुनाव परिणामों ने फिर साबित किया है कि जनता गंभीर और स्थिर शासन को ही प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों ने जिन क्षेत्रों में सुधार किए—जैसे बिजली, सड़क, शिक्षा, कानून व्यवस्था—उनका वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचा और यही भरोसा मतों में बदल गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ आलोचना में उलझा रहा, जबकि उसने जनता की समस्याओं पर कोई ठोस समाधान प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता काम को देखती है, वादों को नहीं।

### जनता ने स्थिर नेतृत्व को चुना, भ्रम की राजनीति को नकारा : अजय शर्मा



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने साफ संदेश दिया है कि वे ऐसे नेतृत्व को प्राथमिकता देते हैं जो निर्णय लेने में सक्षम हो और लंबे समय तक स्थिरता दे सके। उन्होंने कहा कि मोदीझ्रनीतीश की जोड़ी ने पिछले वर्षों में कई मोर्चों पर काम करके दिखाया है — चाहे वह सड़क निर्माण हो, बिजली वितरण हो या गरीब कल्याण की योजनाएँ। अजय शर्मा ने कहा कि विपक्ष न तो एकजुट दिखा और न ही उसके पास स्पष्ट विजन था। यही वजह है कि जनता ने उनके आरोपों और वादों को गंभीरता से नहीं लिया।

### विकास बनाम भ्रम की लड़ाई में जनता ने विकास को चुना : केके शर्मा



करंट क्राइम। सोशल चौकीदार केके शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर नकारात्मक और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचा और लोगों ने अपने जीवन में बदलाव देखा, इसलिए उन्होंने उसी सरकार पर भरोसा जताया जिसने उन्हें वास्तविक सहायता दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ आरोप लगाता रहा, जबकि उसके पास न योजना थी, न दिशा। केके शर्मा ने कहा कि यह जनादेश बताता है कि जनता अब केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस काम से प्रभावित होती है।

### सुशासन और पारदर्शी शासन की जीत : सुरेश कुमार कश्यप



करंट क्राइम। पूर्व एमएलसी, भाजपा सुरेश कुमार कश्यप ने कहा कि इस चुनाव ने सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की स्वीकृति को फिर से मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सुरक्षा के क्षेत्रों में एनडीए सरकार ने कई सुधार किए हैं, और जनता ने इन्हें महसूस किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का चुनाव अभियान परंपरागत आरोपों और पुराने वादों तक सीमित रहा, जिसके कारण वह मतदाताओं के बीच विश्वसनीयता नहीं बना पाया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता अब ठोस काम और ईमानदार नेतृत्व को ही चुनती है।

### जनता ने स्थिर सरकार को प्राथमिकता दी : वेद प्रकाश गर्ग 'खादी वाले'



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गर्ग ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि जनता अब अस्थिर गठबंधनों या प्रयोगवादी राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्य के आधार पर सरकार चुनने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदीझ्रनीतीश की जोड़ी ने सरकार को स्थिर और विश्वसनीय बनाया, जिसका लाभ लोगों ने अपने जीवन में देखा। उन्होंने कहा कि विपक्ष न तो विश्वसनीय विकल्प पेश कर पाया और न ही भविष्य के लिए कोई स्पष्ट नीतियों का रोडमैप।

### सहकारिता और स्थानीय विकास की योजनाओं को जनता ने समर्थन दिया : वीरेंद्र सारस्वत



करंट क्राइम। महानगर संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ, गाज़ियाबाद वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि बिहार चुनाव में सहकारिता और स्थानीय विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले वर्षों में गांवों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिससे रोजगार और आय के नए अवसर पैदा हुए। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल पुराने मुद्दों को दोहराता रहा, जबकि जनता ने वास्तविक विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम स्थिर शासन और जमीनी योजनाओं की स्वीकार्यता को दशार्ता है।

### स्थिर और उत्तरदायी शासन की जीत : हिमांशु लव



करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि बिहार ने इस बार यह साबित कर दिया कि जनता उत्तरदायी और जवाबदेह शासन को ही समर्थन देती है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के अनुभव और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने मिलकर एक संतुलित, स्थिर प्रशासन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल आलोचना करता रहा, जबकि जनता ने विकास की दिशा में स्पष्ट काम देखा। उन्होंने कहा कि यह परिणाम भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित करेगा।

### मोदी है तो सब मुमकिन है : नितिन मावी



करंट क्राइम। भाजपा नेता नितिन मावी ने कहा कि इस चुनाव ने सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की स्वीकृति को फिर से मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सुरक्षा के क्षेत्रों में एनडीए सरकार ने कई सुधार किए हैं, और जनता ने इन्हें महसूस किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का चुनाव अभियान परंपरागत आरोपों और पुराने वादों तक सीमित रहा, जिसके कारण वह मतदाताओं के बीच विश्वसनीयता नहीं बना पाया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता अब ठोस काम और ईमानदार नेतृत्व को ही चुनती है।

### बदलती राजनीति में जनता ने भ्रम पर नहीं, सच पर भरोसा किया – जगदीश साधना



करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने कहा कि बिहार के नतीजों ने साबित कर दिया है कि मतदाता अब भ्रमित होने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने चुनाव के दौरान कई तरह के भ्रम फैलाने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने पूरी गंभीरता से सरकार के काम को देखा और उसी को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सुरक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई प्रभावी कदम उठाए, जिनका असर व्यापक रूप से महसूस किया गया। उन्होंने कहा कि जनादेश स्पष्ट रूप से काम और पारदर्शिता के पक्ष में है।

### जनता ने सेवा और विकास पर आधारित राजनीति को चुना – बॉबी त्यागी



करंट क्राइम। महानगर उपाध्यक्ष भाजपा, गाज़ियाबाद बॉबी त्यागी ने कहा कि बिहार के परिणाम यह साबित करते हैं कि जनता अब केवल उन दलों का समर्थन करती है जिन्होंने सेवा और विकास के आधार पर काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए ने सामाजिक योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया, जिसका लाभ सीधा लोगों तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल आलोचना और आरोपों की राजनीति में उलझा रहा, जिससे लोग प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यह जनादेश सकारात्मक राजनीति की दिशा तय करता है।

### विपक्ष मुद्दों से भटका, जनता ने काम को प्राथमिकता दी – गोपाल अग्रवाल



करंट क्राइम। भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव विपक्ष के लिए बड़ा संदेश है—सिर्फ बयानबाजी के सहारे चुनाव नहीं जीते जाते। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था, सड़क नेटवर्क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर एनडीए का काम मजबूत रहा। उन्होंने कहा कि मोदीझ्र नीतीश की जोड़ी ने राज्य को स्थिरता दी है और जनता उसी निरंतरता को बनाए रखना चाहती है। वहीं विपक्ष की ओर से कोई स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं आया, जिसके कारण जनता ने उन्हें विकल्प के रूप में नहीं देखा।

### बिहार की महिलाओं और ग्रामीण वोटरों ने विकास पर मुहर लगाई – ममता त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने कहा कि बिहार के नतीजे विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के समर्थन को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 'उज्ज्वला', 'आवास', 'शौचालय', 'जल–जीवन मिशन' जैसी योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की रणनीति सिर्फ आलोचना तक सीमित रही, जबकि एनडीए ने लाभार्थियों के भरोसे को मजबूत किया। यह परिणाम सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण की नीतियों की वास्तविक स्वीकार्यता को दिखाता है।

### जनता ने स्थिर नेतृत्व और स्पष्ट नीति को प्राथमिकता दी : प्रवीण बसोया



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व पार्षद प्रवीण बसोया ने बिहार चुनाव परिणामों पर कहा कि मतदाताओं ने इस बार बहुत स्पष्ट संदेश दिया है कि वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो काम करे, निर्णय ले और लगातार जनता के बीच मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साझेदारी ने राज्य में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में जो ढाँचा खड़ा किया है, उसका असर मतदाताओं ने महसूस किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष न सिर्फ बिखरा हुआ था, बल्कि उसके पास कोई ठोस दृष्टि भी नहीं थी। जबकि एनडीए ने विकास, सुशासन और सामाजिक सुरक्षा के मॉडल के आधार पर जनता का भरोसा जीता। उन्होंने कहा कि यह परिणाम यह भी बताता है कि लोगों को स्थिरता चाहिए, न कि प्रयोग और अनिश्चितता।

### जनता ने उत्तरदायी नेताओं को चुना – पिंटू तोमर



करंट क्राइम। कार्यकारिणी सदस्य, महानगर भाजपा पिंटू तोमर ने कहा कि बिहार के लोगों ने यह दिखा दिया कि वे ऐसे नेतृत्व को चुनते हैं जो जमीन पर काम करता है और जनता के बीच रहता है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार लगातार जवाबदेही के साथ कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मतदाताओं के बीच भरोसा नहीं बना पाया। उन्होंने कहा कि परिणाम स्थिर और उत्तरदायी नेतृत्व की जीत है।

### जनता ने काम करने वालों को चुना, राजनीति करने वालों को नहीं : राजू पंचाल



करंट क्राइम। क्षेत्रीय संयोजक, भाजपा राजू पंचाल ने कहा कि बिहार चुनाव में जनता ने सबसे स्पष्ट संदेश यह दिया है कि अब वे केवल घोषणाओं पर नहीं, बल्कि वास्तविक काम पर वोट करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थानीय स्तर पर विकास के कामों को गति दी, जिसके चलते ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बदलाव स्पष्ट दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पूरी चुनावी अवधि में मुद्दों से ध्यान हटाकर केवल नकारात्मक अभियानों का सहारा लिया, जिससे वह मतदाताओं का भरोसा नहीं जीत पाया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश बताता है कि स्थिरता और सुशासन जनता की पहली प्राथमिकता है और बिहार ने उसी दिशा को चुना है।

### व्यापार और रोजगार पर केंद्रित नीतियों को जनता ने सराहा : अनिल अग्रवाल 'सांवरिया'



करंट क्राइम। महानगर सहसंयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा अनिल अग्रवाल ने कहा कि बिहार के व्यापारियों और मध्यम वर्ग ने यह चुनाव पूरी तरह विकास और स्थिर आर्थिक नीतियों के आधार पर लड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की आर्थिक नीतियों और राज्य की योजनाओं ने कारोबार वातावरण को बेहतर बनाया, जिसका सीधा प्रभाव लोगों तक पहुंचा।उन्होंने कहा कि विपक्ष व्यापारी वर्ग के लिए कोई विश्वसनीय विकल्प नहीं दे पाया। उन्होंने कहा कि इस जनादेश ने साबित किया है कि जनता स्थिर, पारदर्शी और भविष्यझ्रउन्मुख नीति चाहती है।

### स्थानीय विकास और बुनियादी सुविधाओं ने जनता का मन बदला – पवन सहलोत



करंट क्राइम। भाजपा के जिला पंचायत सदस्य पवन सहलोत ने कहा कि बिहार चुनाव में स्थानीय स्तर की योजनाओं ने निर्णायक प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि पीने के पानी, घरों, शौचालयों, बिजली और सड़क जैसे बुनियादी मुद्दों पर एनडीए सरकार ने निरंतर काम किया है, जिसे लोगों ने सराहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों पर कोई विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश बुनियादी सुविधाओं के क्रियान्वयन की स्वीकृति है।

### जनता ने काम को तरजीह दी, बयानबाजी को नहीं – गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा गौरव सोलंकी ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि जनता अब केवल वही राजनीति स्वीकारती है जो उनके जीवन में वास्तविक बदलाव लाए। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिजली, सड़क, शिक्षा और सुरक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्रों में सुधार किए, जिसका असर हर परिवार ने महसूस किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस बार भी पुराने आरोपों और नकारात्मक रणनीतियों में उलझा रहा, और वह कोई ठोस विकल्प पेश नहीं कर सका। गौरव सोलंकी ने कहा कि यह जनादेश बताता है कि जनता सकारात्मकता, स्थिरता और काम की राजनीति को समर्थन देती है।

### विकास और कानून व्यवस्था के मॉडल पर जनता ने भरोसा जताया : सरदार सिंह भाटी



करंट क्राइम। पूर्व निगम पार्षद सरदार सिंह भाटी ने कहा कि बिहार में हुए मतदान ने फिर साबित किया है कि जनता उन सरकारों को प्राथमिकता देती है जिनकी नीतियों का असर सीधे उनके दैनिक जीवन पर दिखता हो। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था, सड़क विकास, महिला सुरक्षा और सामाजिक योजनाओं पर एनडीए के काम ने जनता में भरोसा पैदा किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न अच्छे नेतृत्व का चेहरा था और न ही कोई ठोस एजेन्डा, जिसके चलते मतदाताओं ने उन्हें मजबूत विकल्प नहीं माना। उन्होंने कहा कि यह जनादेश पूरी तरह काम और स्थिर शासन के पक्ष में है।

### युवाओं ने कार्यझ्रआधारित राजनीति को चुना : डीडी यादव



करंट क्राइम। भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष डीडी यादव ने कहा कि बिहार के युवा मतदाताओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई और उन्हें काम, अवसर और भविष्य दिखाने वाली सरकार अधिक पसंद आई। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, स्टार्टझ्रअप, रोजगार योजनाओं और शिक्षा सुधारों का लाभ युवाओं ने अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष युवाओं की आवश्यकताओं को समझने में असफल रहा और केवल पुराने नारों पर निर्भर रहा। उन्होंने कहा कि यह परिणाम युवा पीढ़ी के बदलते राजनीतिक दृष्टिकोण का संकेत है।

### युवाओं ने राष्ट्रहित और स्थिरता को प्राथमिकता दी : आयुष त्यागी काकड़ा



करंट क्राइम। जिला अध्यक्ष, हिंदू युवा वाहिनी, गाज़ियाबाद आयुष त्यागी ने कहा कि युवाओं ने इस चुनाव में सबसे परिपक्व भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग भावनात्मक नारों के पीछे नहीं भागा, बल्कि उसने स्थिर सरकार, बेहतर अवसर और राष्ट्रहित वाली नीतियों को चुना। उन्होंने कहा कि विपक्ष युवाओं के लिए कोई ठोस दिशा नहीं दे पाया, जबकि एनडीए की योजनाएँ प्रत्यक्ष रूप से युवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह जनादेश युवाओं के भरोसे का प्रतिबिंब है।

### जमीनी स्तर के लाभार्थियों ने भरोसा जताया – कृष्ण पाल पांचाल



करंट क्राइम। भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण पाल पांचाल ने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजों में सबसे बड़ा योगदान उन लाभार्थियों का रहा जिन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, उज्ज्वला, जनधन, राशन और पेंशन जैसी योजनाएँ लोगों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल आंकड़ों और दावों की राजनीति की, लेकिन लोग वास्तविकता जानते थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने यह फैसला बहुत सोचझ्र समझकर दिया है।

### कृषि और ग्रामीण विकास की नीतियों ने अपनी छाप छोड़ी – मनजीत सिंह



करंट क्राइम। पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा मनजीत सिंह ने कहा कि बिहार में किसानों और ग्रामीण परिवारों ने एनडीए की नीतियों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि कृषि सुधार, सिंचाई, ग्रामीण सड़कें, बाजार और समर्थन मूल्य जैसी योजनाओं का संचालन प्रभावी तरीके से हुआ, जिसके चलते ग्रामीण वोट निर्णायक बने। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसानों की समस्याओं पर केवल बोलता रहा, जबकि एनडीए ने उनके लिए धरातल पर काम किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश कृषि और ग्रामीण विकास मॉडल की सफलता है।

### जनता ने धरातल की सच्चाई को चुना, आरोप-प्रत्यारोप को नहीं – एडवोकेट मनोज भाटी



करंट क्राइम। भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य मनोज भाटी ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने इस बार बड़े सोचझ्रसमझकर वोट डाला और उन्होंने विपक्ष द्वारा किए जा रहे आरोपों को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने कई क्षेत्रों में वास्तविक सुधार किए हैं, जिन्हें जनता ने देखा और महसूस किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अभियान केवल नकारात्मकता पर आधारित रहा। उन्होंने कहा कि यह जनादेश साबित करता है कि जनता अब तथ्यों और परिणामों को अधिक महत्व देती है।

### आर्थिक नीतियों की स्थिरता ने जनादेश को प्रभावित किया – मोहित अरोड़ा



करंट क्राइम। महानगर संयोजक, व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा मोहित अरोड़ा ने कहा कि बिहार में व्यापारियों और उद्यमियों ने एनडीए की आर्थिक नीतियों पर भरोसा जताया क्योंकि उनकी स्थिरता और पारदर्शिता ने व्यापार के माहौल को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का सीधा असर छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष व्यवसायिक समुदाय के लिए कोई विश्वसनीय योजना प्रस्तुत नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि इस जनादेश में आर्थिक स्थिरता की बड़ी भूमिका रही है।

देखें, शेष पृष्ठ 8


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# रन फॉर यूनिटी के ट्रैक पर विधायक अजितपाल त्यागी ने दिखाया 2027 की चुनावी फिल्म का ट्रेलर

## केवल अपनों ने अपनों को फोन किये और जुड़ गया विधानसभा में एक जनसैलाब





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में भीड़ यानी क्राउड एक ऐसी चीज होती है जिसके बिना राजनीति अधूरी है और अगर किसी के पास ये भीड़ पूरी है, ये क्राउड है तो फिर उसकी राजनीति पर सभी को प्राउड होता है। राजनीति में भीड़ किसी भी नेता की टीआरपी का मानक होता है। अगर इस मानक की बात करें और मुरादनगर विधानसभा की बात करें तो यहां जलवा विधायक अजितपाल त्यागी का कायम है। वो लगातार दूसरी बार यहां से विधायक हैं। क्यों वो यहां की राजनीति के नायक माने जाते हैं। ये उन्होंने रन फॉर यूनीटि के मौके पर साबित किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजि रन फॉर यूनीटि में उन्होंने पहले ही आगाज में इतना शानदार अंदाज दिखाया है कि अब ऐसा कार्यक्रम करना दूसरी विधानसभाओं के विधायकों के लिए भी चुनौती होगी। रन फॉर यूनीटि यानी सरदार पटेल एकता यात्रा। शुक्रवार को मुरादनगर में अम्बेडकर पार्क से शुरू एक छोटा सा कार्यक्रम था और इसमें बड़ी सी भीड़ मौजूदथी और ये भीड़ अजितपाल त्यागी के नारे लगा रही थी। ये भीड़ बता रही थी मुरादनगर की राजनीति में अभी दूसरे दलों को बहुत ज्यादा बलों की जरूरत पड़ेगी। यहां विधायक अजितपाल त्यागी अपनी टीआरपी के साथ काबिज हैं। अम्बेडकर पार्क से शुरू होने वाली रन फॉर यूनीटि की भीड़ देखकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी गद गद थे। वो भी मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी की पीठ थपथपा गये। अब चुनावी जानकार इसे वर्ष 2027 में रिलीज होने वाली चुनावी फिल्म से जोड़कर देख रहे हैं। 2027 में विधानसभा का चुनाव आयेगा और ये भीड़ बता रही है कि यहां उसका सपोर्ट किसके साथ आयेगा। इस कार्यक्रम को चुनावी पिक्चर से पहले का ट्रेलर माना जा रहा है। वास्तव में विधायक अजितपाल त्यागी ने बड़े आराम से वाले अंदाज में भीड़ का ये ट्रेलर दिखाकर संदेश दे दिया है कि यहां की राजनीति के हम ही नायक हैं। कहने वाले यही कह रहे हैं कि अभी तो पार्टी शुरू हुई है। सबसे खास बात रन फॉर यूनीटि की इस भीड़ को लेकर ये है कि ये वास्वत में ट्रेलर है। वो इसलिए है कि इस कार्यक्रम के लिए मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी ने उतने फोन ही नही किये थे जितने के लिए वो जाने जाते हैं। विधायक कैम्प से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि यहां केवल अपनों ने अपनों कोफोन किये और भीड़ कासैलाब आ गया। सूत्र बता रहे हैं कि मुरादनगर विधायक ने केवल अपने कुछ सम्पर्कों से सम्पर्क किया और इन सम्पर्क वालों ने सम्पर्क का नेटवर्क जोड़ा और कार्यक्रम सुपरहिट कर दिया। खास बात ये है कि भाजपा महानगर संगठन ने इस कार्यक्रम की शुरूआत अजितपाल त्यागी की विधानसभा से की। यहांपर सम्पर्क वाला संचार ऐसा हुआ है कि अब अन्य विधायकों के सामने भीड़ जुटाने की चुनौती है। राजनीति में भीड़ एक मानक है, राजनीति में भीड़ एक तराजु है और यहां विधायक अजितपाल त्यागी ने बिल्कुल ये साबित किया है कि ये जलवा तो चुनावों से एक साल पहले का है और जब चुनाव का मौका आयेगा तो फिर फिल्म ही रिलीज होगी।






# गौड़ होम्स सोसायटी हैंडओवर पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई तय

## नोडल मजिस्ट्रेट नियुक्त, 18 नवंबर को होगी कार्यवाही

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौड़ होम्स सोसायटी, गोविंदपुरम के हैंडओवर प्रकरण में जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है और अब मामले में सीधी प्रशासनिक कार्रवाई की घोषणा कर दी गई है। नव-निर्वाचित अध्यक्ष अतुल त्यागी और सचिव कृष्ण बिष्ट द्वारा जनसुनवाई में प्रस्तुत संयुक्त पत्र के बाद नायब तहसीलदार (सीलिंगझ1) को प्रकरण का नोडल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। प्रशासन का कहना है कि हैंडओवर में किसी भी प्रकार की बाधा या टालमटोल सख्ती से बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसायटीज एवं चिट्स पहले ही पूर्व अध्यक्ष और सचिव को सभी अभिलेखों का हस्तांतरण सुनिश्चित करने के निर्देश दे चुका है। जिलाधिकारी द्वारा आवासीय कॉलोनियों और अपार्टमेंट प्रबंधन से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए गठित टास्क फोर्स भी इस मामले की निगरानी में सक्रिय है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 18 नवंबर 2025 को निर्धारित तिथि पर मौके पर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें–

- सभी अभिलेखों का सत्यापन
- हैंडओवर प्रक्रिया का पालन
- पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति
- पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था
- तामीली रिपोर्ट का सत्यापन

जैसी सभी प्रक्रियाएँ पूरी कराई जाएँगी।

कार्यवाही को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (सिटी), नगर मजिस्ट्रेट, डिप्टी रजिस्ट्रार और एसीपी प्रोटोकॉल सहित सभी संबंधित अधिकारियों को तैयारी के निर्देश दे दिए गए हैं। थाना कविनगर को पूर्व पदाधिकारियों को नोटिस तामील कराने और कार्यवाही के दौरान पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए गए हैं।

नव-निर्वाचित अध्यक्ष अतुल त्यागी और सचिव कृष्ण बिष्ट ने प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि यह कदम सोसायटी के पारदर्शी, सुव्यवस्थित और नियमों आधारित संचालन की दिशा में एक मजबूत शुरूआत है।

# नरेंद्र कुमार कश्यप का बिहार मैनेजमेंट प्रभावी, मधुबनी-पिपरा में भाजपा की जीत

**बिहार-लखनऊ, करंट क्राइम।** बिहार विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कुमार कश्यप का मधुबनी और पिपरा क्षेत्रों में चुनावी प्रबंधन भाजपा के लिए महत्वपूर्ण रहा। दोनों ही सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिली। मंत्री कश्यप पूरे चुनाव चरण में क्षेत्र के दौरे, जनसंपर्क, छोटी सभाओं और बूथ स्तर की बैठकों में लगातार सक्रिय रहे। चुनाव में विकास, कानूनझ व्यवस्था और केंद्र की योजनाएँ मुख्य मुद्दे बनीं, जिनका लाभ एनडीए को मिला। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास को प्राथमिकता देते हुए एनडीए पर भरोसा जताया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की योजनाओं का असर जमीन पर साफ दिख रहा है। कश्यप ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में पारंपरिक जातीय समीकरण प्रभावी नहीं रहे और मतदाताओं ने विकास आधारित वोट किया। उन्होंने बिहार के मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह परिणाम विकास की राजनीति को मजबूती देता है।



# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई : दिल्ली से पकड़ी '1300' पेटी 'मौत के सिरप' की खेप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच ने नकली कफ सिरप गिरोह पर एक और बड़ी चोट करते हुए दिल्ली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में छापेमारी कर लगभग 1300 पेटी नकली सिरप बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, इन पेटियों में करीब एक लाख से अधिक नकली कफ सिरप की बोतलें पाई गई हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। यह संयुक्त कार्रवाई गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और ड्रग्स विभाग की टीम द्वारा की गई। छापेमारी देर शाम तक जारी रही, और संभावना जताई जा रही है कि पुलिस इस मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा कर सकती है। यह बरामदगी अन्या इंटरप्राइजेज नामक स्थान से की गई, जहां बड़े पैमाने पर नकली दवा का भंडारण किया गया था।

### नेटवर्क तोड़ने में जुटी क्राइम ब्रांच, कई राज्यों तक फैला जाल





करंट क्राइम : इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह कर रहे हैं, जबकि क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत अपनी टीम के साथ सप्लाई चेन और नेटवर्क की तह तक पहुंचने में जुटे हैं। टीम लगातार ड्रग्स विभाग गाजियाबाद, दिल्ली पुलिस और अन्य लोकल यूनिटों से संपर्क में है, ताकि इस नकली सिरप नेटवर्क के देश-विदेश तक फैले अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जा सके। ध्यान देने वाली बात है कि करीब 15 दिन पहले भी गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपी, कफ सिरप से भरे 4 ट्रक और 22 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। उधर क्राइम ब्रांच के सूत्रों का कहना है कि लगातार स्मार्ट तरीके से काम कर रहा यह गिरोह कितना बड़ा है, इसका अंदाजा लगातार हो रही बरामदगियों से लगाया जा सकता है।

### पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ मुख्य सप्लायर

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने नकली कफ सिरप सप्लाई नेटवर्क का सरगना विशाल उपाध्याय एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। सूत्रों के मुताबिक, उसका नेटवर्क दिल्ली, यूपी के कई जिलों, नेपाल और बांग्लादेश तक फैला हुआ है। शुक्रवार को जब गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और ड्रग विभाग की टीम दिल्ली में छापा डालने पहुंची, उससे कुछ मिनट पहले ही विशाल उपाध्याय मौके से निकल गया। पुलिस का मानना है कि उसे किसी नजदीकी व्यक्ति से छापे की भनक मिल गई थी, जिसके बाद वह अपनी लोकेशन बदलकर फरार हो गया।

# जो काम नगर निगम से नहीं हुआ वो यूपीसीडा ने कर दिखाया

## 72 रुपये वसूल रहा था नगर निगम और यूपीसीडा ने 38 रुपये कर दिया किराया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस समय नगर निगम ने हाउस टैक्स यानी सम्पत्ति कर में कई गुना की वृद्धि कर दी है। और इस वृद्धि को लेकर विरोध का माहौल चल रहा है। उसी समय में यूपीसीडा ने नगर निगम से जिस ईलाके का हैन्डओवर लिया है उस ईलाके में यूपीसीडा ने उद्यमियों को एक बड़ी राहत दी है।




उद्यौगिक क्षेत्र के उद्यमी यीपीसीडा के इस कदम की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जो काम नगर निगम आज तक नहीं कर सका उसे यूपीसीडा ने चार्ज लेते ही कर दिया। सबसे बड़ी बात ये है कि उसने यूजर चार्ज को लगभग आधा कर दिया। नगर निगम ने औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले कई वार्डो में यूजर चार्ज का 72 रूपये प्रति वर्ग मीटर रखा हुआ था अब यूपीसीडा ने एक बड़ी राहत दी है और इस 72 रूपये के रेट को घटाकर 38 रूपये वर्ग मीटर कर दिया है। जमीन भी वही है और फैक्ट्रियां भी वहीं हैं और बस केवल सत्ता का हस्तांतरण हुआ है और उद्यमियों को एक बड़ी राहत मिल गयी है। निगम जिस सुविधा के 72 रूपये वसूल रहा था यूपीसीडा ने उसे घटाकर 38 रूपये किया है और ये भी कहा है कि सुविधाओं को पहले से ज्यादा बढ़ाया जायेगा। औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने इस फैसले का स्वागत किया है।

## उद्योगों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय : दिनेश मित्तल



करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्रों के मेंटेनेंस शुल्क में कमी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में 72 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित मेंटेनेंस शुल्क को घटाकर 38 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है, जो उद्योगों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। मंत्रीगण, यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं को समझते हुए एक दूरदर्शी एवं उद्योग-हितैषी निर्णय लिया।

अध्यक्ष साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

## उद्योग जगत के लिए एक दूरदर्शी एवं उद्योग-हितैषी निर्णय : राजेन्द्र शर्मा



करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा ने यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में 72 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित मेंटेनेंस शुल्क को घटाकर 38 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है, जो उद्योगों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन ने मंत्रीगण, यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं को समझते हुए एक दूरदर्शी एवं उद्योग-हितैषी निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन उद्योग जगत के कल्याण, विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार सरकार और अधिकारियों के साथ कार्य करती रहेगी।

चेयरमैन साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

# कमिश्नरेट में 9 थाना प्रभारी बदले गए, दो लाइन हाजिर

### धर्मपाल और रवि बालियान को फिर मिला चांस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शुक्रवार की रात कमिश्नर जे रविंदर गौड ने 11 तबादले किए हैं। जिसमें 9 थाना प्रभारी बदले गए हैं। थाना प्रभारी टीलामोड़ और ट्रॉनिका सिटी को लाइन का रास्ता दिखाया गया है।




### मुख्य तबादले

1. आनंद प्रकाश मिश्र, खोड़ा से थाना मोदीनगर
2. नरेश कुमार शर्मा, थाना मोदीनगर से खोड़ा
3. सचिन कुमार, निरीक्षक, थाना सिहानीगेट से थाना कोतवाली
4. मनोज कुमार, निरीक्षक, थाना कोतवाली से थाना ट्रॉनिका सिटी
5. धर्मपाल, पुलिस लाइन्स से प्रभारी निरीक्षक, थाना विजयनगर
6. कुलदीप कुमार दीक्षित, पुलिस लाइन्स प्रभारी निरीक्षक, थाना सिहानीगेट
7. रवि कुमार बालियान, प्रभारी यूपी-112 से निरीक्षक, थानाटीला मोड़
8. प्रमोद त्यागी सीओईआईयूटीओ, अपराध शाखा से प्रभारी यूपी-112
9. शशि चौधरी, प्रभारी निरीक्षक, थाना से विजयनगर
10. राजेश सिंह, थानाध्यक्ष, थाना टीला मोड़ से पुलिस लाइन्स
11 सरवन कुमार गौतम, थानाध्यक्ष, थाना ट्रॉनिका सिटी से पुलिस लाइन्स




**कई कोतवालों को मिला अभयदान :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आई 11 कोतवालों की इस लिस्ट के बाद चर्चा है कि अपराध नियंत्रण से लेकर आईजीआरएस रैंकिंग में बैक फुट पर चल रहे कई कोतवालों को इस लिस्ट में अभयदान मिल गया है। उधर सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट में एक आईपीएस अधिकारी की सिफारिश जमकर चली है।

## उद्योग जगत को राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय : मुकेश गुप्ता

करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता ने गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्रों के मेंटेनेंस शुल्क में कमी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में 72 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित मेंटेनेंस शुल्क को घटाकर 38 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है, जो उद्योगों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। मुकेश गुप्ता ने कहा कि एसोसिएशन ने माननीय मंत्रीगण, यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं को समझते हुए एक दूरदर्शी एवं उद्योग-हितैषी निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन उद्योग जगत के कल्याण, विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार सरकार और अधिकारियों के साथ कार्य करती रहेगी।



महासचिव साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

## मेंटेनेंस शुल्क को घटाना उद्योग जगत के लिए बेहतरीन निर्णय : अजीत तोमर

करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजीत तोमर ने गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्रों के मेंटेनेंस शुल्क में कमी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में 72 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित मेंटेनेंस शुल्क को घटाकर 38 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है, जो उद्योगों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। अजीत तोमर ने कहा कि एसोसिएशन ने माननीय मंत्रीगण, यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं को समझते हुए एक दूरदर्शी एवं उद्योग-हितैषी निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन उद्योग जगत के कल्याण, विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार सरकार और अधिकारियों के साथ कार्य करती रहेगी।



उपाध्यक्ष साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

## संपादकीय

# मेलघाट में कुपोषण संकट

मेलघाट में छह महीनों में 65 शिशुओं की कुपोषण से मौतें बताती हैं कि योजनाओं की उपलब्धता के बावजूद जमीनी स्तर पर भोजन, स्वास्थ्य और देखभाल नहीं पहुंच पा रही। अदालत की फटकार के बीच सवाल यही है कि आदिवासी क्षेत्रों में पोषण और चिकित्सा की उपेक्षा क्यों जारी है।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक ओर कई प्रमुख फसलों की पैदावार में उम्मीद से ज्यादा की बढ़ोतरी के दावे किए जा रहे हैं, देश भर में बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है, वहीं महाराष्ट्र के एक हिस्से से कुपोषण की वजह से गरीब बच्चों की मौत की खबर आती है। राज्य के आदिवासी क्षेत्र मेलघाट में इस वर्ष जून से लेकर अब तक, यानी पिछले छह महीने में पैंसठ शिशुओं की मौत हो गई, लेकिन राज्य सरकार के संबंधित विभागों ने उन परिवारों की सुध तक नहीं ली।

अब बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को इस मसले पर कड़ी फटकार लगाई है। गौरतलब है कि मेलघाट आदिवासी बहुल इलाका है और यह कई वर्षों से कुपोषण की समस्या से ग्रस्त है। इस मामले में राज्य सरकार की दलीलें और प्रस्तुत किए गए कागजात इतने कमजोर हैं कि कोई इन पर भरोसा नहीं कर सकता। स्वाभाविक ही अदालत भी इससे असंतुष्ट रही और उसे कहना पड़ा कि कागज पर तो सब ठीक दिखता है, लेकिन वास्तविकता कोसों दूर है।

ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, संभवतः केंद्र सरकार की मुफ्त अनाज की योजना भी वहां चल रही होगी, तो ऐसे में संबंधित आदिवासी बहुल क्षेत्र में कुपोषण कैसे अपने पांव फैला रहा था। अगर इस क्षेत्र में शिशुओं की मौत हो रही थी, तो इसके कारणों को जानने और उन्हें समय पर दूर करने की कवायद क्यों नहीं हुई। इसमें कोई दोराय नहीं कि आदिवासी इलाकों में कुपोषण के साथ चिकित्सा का अभाव एक गंभीर समस्या है। खासतौर पर मेलाघाट क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताएं आहार और उपचार के घोर अभाव का सामना कर रही हैं। अगर शिशुओं की माताओं को पोषक आहार के साथ चिकित्सा सहायता देने की पहल की गई होती, तो ज्यादातर शिशुओं को बचाया जा सकता था। मगर यह समझना मुश्किल है कि महानगरों की जरूरतों के लिए संसाधनों में कोई कमी न होना सुनिश्चित करने वाली सरकार गरीब तबकों या आदिवासी परिवारों के बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मुहैया करा पाने में कोई रुचि क्यों नहीं लेती।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66 प्रतिशत हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।

## राशिफल

**मेष:** रोजगार प्राप्त होगा। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष:** रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। कार्य से लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ सकते हैं। दूसरों की भावना का खयाल रखें।

**कर्क:** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। अपेक्षित कार्य समय पर पूर्ण होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सुख के साधनों पर खर्च होगा। पार्टनरों से मतभेद खत्म होंगे।

**सिंह:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बुरी खबर मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। सामंजस्य बैठाएं।

**कन्या:** बिगड़े काम बनेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** जल्दबाजी करने व विवाद से बचें। राजकीय बाधा से सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृश्चिक:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मनोरंजक यात्रा होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। किसी पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है।

**धनु:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों पर भरोसा न करें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों से मतभेद हो सकता है।

**मकर:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। नए काम की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ:** आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। कार्यस्थल पर सुधार होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** घर-परिवार में कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। तीर्थयात्रा की योजना कार्यरूप लेगी। संत-महात्मा के दर्शन होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

# अमेरिका-ईयू सहित कई देशों से भारत की व्यापार वार्ता जारी: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जानकारी दी कि अमेरिका-ईयू सहित अन्य देशों के साथ व्यापार वार्ता जारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं को कम करने से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

भारत की अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 में यह जानकारी दी।



### वैश्विक व्यापार बाधाओं को कम करने पर भारत का जोर

गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं में कमी से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारत यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए समूह के देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पहले ही लागू कर चुका है, जबकि कई अन्य देशों के साथ वार्ताएं प्रगति पर हैं।

### आंध्र मंडपम को भारत मंडपम के तर्ज पर बनाया जाएगा

गोयल ने यह भी कहा कि इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) राज्य सरकार के साथ मिलकर एक विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर विकसित करने को तैयार है। प्रस्तावित आंध्र मंडपम को नई दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं को कम करने से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत पहले ही यूएई, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते लागू कर चुका है। गोयल ने कहा कि कारोबार में आसानी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र ने 42,000 अनुपालनों को हटा दिया है और 1,500 कानूनों को समाप्त कर दिया है।

# भारत का खाद्य तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर 2024-25 में पहुँचा 1.6 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश में खाद्य तेल आयात 2024-25 बाजार वर्ष में 22 प्रतिशत बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपये हुआ। पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है। वहीं आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ गई है।

खाद्य तेलों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत ने 2024-25 विपणन वर्ष (अक्तूबर तक) में 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात किया, जिसकी कुल लागत 1.61 लाख करोड़ रुपये रही। यह जानकारी उद्योग संस्था सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) की ओर गुरुवार को जारी किए गए आंकड़ों से सामने आई है।



इसमें कहा गया है कि 2024-25 में भारत को 160 लाख टन (16 मिलियन टन) खाद्य तेलों के आयात के लिए लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये (18.3 अरब डॉलर) खर्च करने होंगे। मात्रा के लिहाज से खाद्य तेलों का आयात 2022-23 में 16.47 मिलियन टन, 2021-22 में 14.03 मिलियन टन और 2020-21 विपणन वर्ष में 13.13 मिलियन टन रहा। तेल विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान, एसईए के आंकड़ों से पता चला है कि पिछले वर्ष 19,31,254 टन की तुलना में 17,37,228 टन रिफाइंड तेलों का आयात किया गया था। हालांकि, विपणन वर्ष 2023-24 में कच्चे खाद्य तेलों का आयात 140,31,317 टन से बढ़कर 142,73,520 टन हो गया।

### भारत के खाद्य तेल की खपत में लगातार हो रही वृद्धि

वहीं, 2023-24 विपणन वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) में भारत का खाद्य तेल आयात 15.96 मिलियन टन था, जिसकी कुल कीमत 1.32 लाख करोड़ रुपये रही। इस वृद्धि से साफ है कि भारत में खाद्य तेल की खपत में लगातार वृद्धि हो रही है, जो आयात पर निर्भरता को बढ़ा रही है। वैश्विक स्तर पर ऊंची कीमतों के कारण मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेल के आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### पिछले 20 वर्षों में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ी

भारत पाम तेल इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात करता है, जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से आयात करता है। एसोसिएशन ने कहा कि आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए भारत 1990 के दशक से आयात का सहारा ले रहा है। शुरूआती दौर में आयात की मात्रा बहुत कम थी। हालांकि, पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है। वहीं आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ गई है।

# खाद्य कीमतों में गिरावट और मजबूत अर्थव्यवस्था से राहत, आरबीआई से ब्याज दर कटौती की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली।** खुदार महंगाई निम्न स्तर पर आने की वजह से विशेषज्ञों का कहना है कि वित्त वर्ष 2026 के शेष समय में स्थिति अच्छी रहने की उम्मीद है। बाजार को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों के कटौती चक्र को दोबारा शुरू कर सकता है।



खाद्य कीमतों में लगातार गिरावट, जीएसटी दरों में कटौती और खुदरा मुद्रास्फीति अक्तूबर 2025 में 0.25 प्रतिशत के ऐतिहासिक निम्नतम स्तर पर आ गई है। वहीं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) निम्न स्तर पर आने की वजह से विशेषज्ञों का कहना है कि वित्त वर्ष 2026 के शेष समय में स्थिति अच्छी रहने की उम्मीद है। इसकी वजह से बाजार को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों के कटौती चक्र को दोबारा शुरू कर सकता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में पिछले महीने की तुलना में अक्तूबर 2025 में (-) 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार चौथे महीने भी नकारात्मक क्षेत्र में रही। कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति के रिकॉर्ड नीचले स्तर पर पहुंचने से धातु और रियल्टी जैसे ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्र निवेशकों के लिए आकर्षक हो गए है।

### मजबूत आर्थिक परिदृश्य के कारण हो सकती है ब्याज दरों में कटौती

रेटिंग्स एजेंसी क्रिसिल का कहना है, वित्तिय स्थिति सूचकांक ने महीने दर महीने घरेलू वित्तीय स्थितियों में सुधार दशार्या है। यह अक्तूबर 2025 में -0.3 बढ़ी है। चार महीने बाद विदेशी पोर्टफोलियों निवेशक (एफपीआई) की भारतीय बाजारों में वापसी, जो अक्तूबर में वित्तीय स्थितियों में सुधार का प्रमुख कारण रही है। क्रिसिल के अनुसार एफपीआई में वृद्धि से घरेलू बाजार को फायदा हुआ है। वहीं अक्तूबर में ऋण वृद्धि में सुधार और मोटे तौर पर स्थिर रुपये ने भी वित्तीय स्थिति सूचकांक के मूल्य में वृद्धि में योगदान दिया है। इसलिए हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 के शेष समय के लिए आरामदायक स्थिति रहेगी। यह भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को सीआरआर में कटौती करने और अपने दर कटौती चक्र को फिर से शुरू करने को प्रभावित कर सकती है।

# अक्तूबर 2025 में WPI में 1.21% की गिरावट चौथे महीने भी थोक महंगाई नकारात्मक

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में पिछले महीने की तुलना में अक्तूबर 2025 में (-) 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार चौथे महीने भी नकारात्मक क्षेत्र में रही। भारत की थोक महंगाई चौथे महीने भी नकारात्मक क्षेत्र में रही। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में पिछले महीने की तुलना में अक्तूबर 2025 में (-) 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।



कीमतों में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं की कीमतों में कमी के कारण हुई। मंत्रालय ने बताया कि अक्तूबर में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में महीने-दर-महीने बदलाव सितंबर 2025 की तुलना में (-) 0.06 प्रतिशत रहा। डब्ल्यूपीआई और अपस्फीती थोक मूल्य सूचकांक थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में औसत बदलाव को मापता है। नकारात्मक महंगाई दर यानी अपस्फीति का मतलब है कि पिछले साल की तुलना में कई अहम वस्तुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इसका सीधा संकेत है कि थोक बाजार में सामान पहले की तुलना में सस्ता हुआ है।

### जीएसटी सुधारों का पड़ा असर

जीएसटी सुधारों के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट अपेक्षित स्तर पर है। कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुईं व पिछले वर्ष की अनुकूल मुद्रास्फीति आधार के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों में कमी आई।

खुदरा महंगाई भी अपने निम्न स्तर पर बनी रही पिछले हफ्ते जारी आंकड़ों से पता चला है कि अक्तूबर में खुदरा महंगाई 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर रही। सितंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी।

### कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में 3.13 प्रतिशत की गिरावट

अक्तूबर 2025 में, प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक, जिसका भारांश 22.62 प्रतिशत है, सितंबर के 189.0 से 0.42 प्रतिशत गिरकर 188.2 पर आ गया। मंत्रालय ने बताया कि कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं में 1.73 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, खनिजों की कीमतों में 1.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और खाद्य वस्तुओं में कोई बदलाव नहीं आया।

### कोयले की कीमतें अपरिवर्तित रहीं

ईंधन और बिजली समूह, जिसका भारांश 13.15 प्रतिशत है, के लिए सूचकांक सितंबर के 143.4 से अक्तूबर में 1.12 प्रतिशत बढ़कर 145.0 हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से बिजली (2.89 प्रतिशत) और खनिज तेलों (0.67 प्रतिशत) की बढ़ी हुई कीमतों के कारण हुई, जबकि कोयले की कीमतें अपरिवर्तित रहीं।

क्या कहते हैं आंकड़े?

64.23 प्रतिशत भारांश के साथ थोक मूल्य सूचकांक में सबसे बड़ा योगदान देने वाले विनिर्मित उत्पाद समूह में 0.07 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई, जिससे सूचकांक 145.2 से 145.1 पर आ गया। 22 उद्योग समूहों में से, सात में कीमतों में गिरावट आई, ग्यारह में वृद्धि हुई और चार में कोई बदलाव नहीं हुआ। मूल धातुओं, रसायनों, मोटर वाहनों और मुद्रण उत्पादों जैसी वस्तुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि वस्त्र, खाद्य उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो गए।

## चुटकुले

पिताजी - बेटा, जरा मेरे जूते लाना।
बेटा - पिताजी, जूता एक लाना है या दोनों?
पिताजी - पहले तो दोनों की जरूरत थी, अब तो तू एक ही लेकर आ...!!!

पत्नी : सुनो जी, मैं मर जाऊँ तो क्या करोगे?
पति : मैं भी पागल हो जाऊँगा!
पत्नी : कितना पागल?
पति : इतना कि दोबारा शादी कर लूँ!

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे नींद नहीं आती!
डॉक्टर : रात को दूध पीकर सोया करो।
मरीज : पी लेता हूँ, पर नींद नहीं आती!
डॉक्टर : तो फिर बिल देखकर आ जाएगी!

दोस्त : भाई, तेरी बीवी तुझे कितना प्यार करती है?
गोलू : बहुत!
दोस्त : कैसे पता?
गोलू : क्योंकि जब गुस्सा करती है, तब भी मेरा नाम लेती है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# नगर निगम का धूल-मुक्त शहर अभियान तेज आंतरिक मार्गों तक चला पानी छिड़काव

## खुले में निर्माण सामग्री बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई 1,82,500 का लगाया जुमार्ना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर शहर को धूल-मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने कविनगर हापुड़ चुंगी से पुलिस लाइन तक तथा डायमंड फ्लाईओवर से एनएच-24 तक व्यापक निरीक्षण करते हुए महा अभियान को आगे बढ़ाया। नगर आयुक्त ने सभी जोनों को निर्देश दिए हैं कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ वार्डों के आंतरिक मार्गों पर भी नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि वायु प्रदूषण में कमी लाई जा सके। साथ ही जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को धूल फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



### जोनवार कार्रवाई इस प्रकार रही

- वसुंधरा जोन 1,30,000
- सिटी जोन 10,000
- विजयनगर जोन 30,000
- मोहन नगर जोन 10,500
- कविनगर जोन 12,000

**नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि धूल फैलाने वाले निर्माण सामग्री विक्रेताओं और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।**

### मुख्य मार्गों पर चलेगा विशेष धूल-नियंत्रण अभियान

**करंट क्राइम :** वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर बड़े स्तर पर सफाई और पानी छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। इसमें डाबर से आनंद विहार तक, रोटरी गोल चक्कर से राजनगर एक्सटेंशन तक,चौधरी मोड़ से विजयनगर थाना तक, आरडीसी राजनगर से सेक्टर-23 संजय नगर तक हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से करण गेट तक, इन मार्गों पर मशीनों और विशेष उपकरणों की मदद से सड़कें धूल-मुक्त की जा रही हैं।

### खुले में निर्माण सामग्री बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई 1.82 लाख की वसूली

**करंट क्राइम :**मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि खुले में निर्माण सामग्री बिकने से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पांचों जोनों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1,82,500 का जुमार्ना वसूला गया।

# शोरूम में लाखों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 63,000 अपने खाते में डालकर खुद आया पुलिस की रडार पर

## एसीपी नंदग्राम और थाना सिहानी गेट एसओजी ने खोला मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र के एक शोरूम में हुई लाखों रुपए की चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सिहानी गेट थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं। जिसमें पुलिस के मुताबिक आरोपी करीब आठ महीनों तक रेलवे स्टेशन और फुटपाथ पर रहता था। उसने घटना से दो दिन पहले शोरूम की रेकी की थी। चोर ने फ्लेक्स बोर्ड के सहारे तीसरी मंजिल से शोरूम के अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर से लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया।



### खाते में डाले थे चोरी के पैसे

**करंट क्राइम :** वारदात के बाद आरोपी ने चोरी की रकम में से 63,000 अपने एक्सिस बैंक खाते में जमा करा दिए, जिसके बाद वह पुलिस की रडार पर आ गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के पैसों से खरीदा गया महंगा 5जी मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बाकी रकम वह जुआ खेलने और अन्य तरीकों से खर्च कर चुका है।

### गाड़ी खरीदने की तैयारी में था आरोपी

**करंट क्राइम :** एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिमन्यु ने न केवल चोरी की पूरी योजना पहले से बना रखी थी, बल्कि चोरी की रकम से गाड़ी खरीदने का भी प्लान तैयार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वर्धमान सरस्वती शिशु मंदिर, बलराम नगर लोनी में बाल दिवस पर 'शिशु नगरी एवं बाल मेला' आयोजित

**लोनी, करंट क्राइम।** वर्धमान सरस्वती शिशु मंदिर, बलराम नगर लोनी में बाल दिवस के अवसर पर शिशु नगरी एवं बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी भैयाझबहनों सहित लगभग 500 अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को शिशु वाटिका की शैक्षिक पद्धति से अवगत कराना था, जिसे सभी ने रुचि के साथ देखा और सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिव्या त्यागी, मनीषा जैन, युगांतर कौशिक, निशा अग्रवाल, प्रगांतिक विद्यालय की प्रधानाचार्य मोनिका जैन, तथा साहिबाबाद शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य शीतल सिंघल उपस्थित रहीं। विद्यालय की ओर से शिशु वाटिका प्रभारी रेनु ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिशु नगरी में शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं का स्वरूप दशार्या गया, जिसमें बच्चों की






गतिविधियाँ, शिक्षण पद्धति और प्रारंभिक शिक्षा के विभिन्न चरणों का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

अभिभावकों ने इन व्यवस्थाओं को देखकर विद्या भारती की शिशु वाटिका प्रणाली की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मेले में बच्चों और अभिभावकों के लिए गोलगप्पे, टिक्की, फ्रूट चार्ट, चने की चाट, टॉफी, चिप्स, चॉकलेट जैसे कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिनका सभी ने आनंद लिया। छोटे बच्चों और अभिभावकों ने पूरे उत्साह के साथ शिशु नगरी और मेले में सहभागिता की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गाजियाबाद में बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया का आगमन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामचंद्र कनौजिया का गाजियाबाद आगमन हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इसके उपरांत भाजपा महानगर कार्यालय में जिला एवं महानगर इकाइयों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कनौजिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में अनुसूचित जाति की बस्तियों की मैपिंग का महत्वपूर्ण दायित्व राष्ट्रीय नेतृत्व ने अनुसूचित मोर्चे को सौंपा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित विधानसभा को छोड़कर अन्य सभी विधानसभाओं में अनुसूचित जाति की बस्तियों की पहचान कर वहां निवासरत कार्यकताओं की विस्तृत सूची तैयार की जाए। यह कार्य पूरे प्रदेश में विशेष अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, और इसी क्रम में मेरा गाजियाबाद दौरा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस कार्य को शीघ्र पूरा कर प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट भेजने का आग्रह किया।

बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल, महानगर संयोजक (अनुसूचित मोर्चा) वेद प्रकाश जाटव, जिला संयोजक एवं अध्यक्ष प्रदीप गहलोत, महामंत्री विजेंद्र सिंह, एडवोकेट जितेंद्र गौड़, प्रदीप वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, योगेंद्र सिंह जाटव, रणबीर तंवर, श्रीमती सीमा सिंह, सोनू वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि, रमेश चंद्र, राम अवतार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री श्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया मोदीनगर निवासी भाजपा पदाधिकारी अमित दिसावर के भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने सहारनपुर के जिला अध्यक्ष संजय सूर्य के पिता तथा एक अन्य कार्यकर्ता की पत्नी के निधन पर भी दुःख व्यक्त किया।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर राजनगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक (एडवोकेट) ने कार्यकताओं के साथ मिलकर उत्सव मनाया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने बिहार में मिले जनसमर्थन को विकास और सुशासन की स्वीकार्यता बताया तथा आगामी चुनावों के लिए इसी उत्साह के साथ संगठनात्मक मजबूती का संकल्प लिया।

## भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने समाप्त किया 18 वर्ष का सूखा

**ढाका।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में 18 वर्षों का सूखा समाप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को शूटऑफ में हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। यह पिछले 18 साल में भारतीय टीम का पहला एशियाई स्वर्ण पदक है। जंग जिहो की कोरिया की दूसरी श्रेणी की टीम पर 5-4 से नाटकीय जीत दर्ज की और 2009 से इस प्रतियोगिता पर कोरिया के दबदबे को खत्म किया।

# 'लेग में कैच जाता है इसका', ऋषभ पंत की सूझबूझ से आउट हुए बावुमा

**मैच के दौरान कुलदीप यादव की गेंदबाजी पर उपकप्तान पंत ने फील्ड सेट की थी। उन्होंने लेग में मौजूद सभी फील्डर्स को चौकन्ना रहने कहा था। पंत की बात स्टंप माइक पर रिकॉर्ड हुई।**



**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में जारी है। इस टेस्ट के पहले दिन पहले सत्र में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा रहा। दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरूआत के बाद 14 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए। इनमें रेयान रिकेल्टन, एडेन मार्करम और कप्तान तेंबा बावुमा के विकेट शामिल हैं।

हालांकि, बावुमा के विकेट को लेकर विकेटकीपर ऋषभ पंत के सूझबूझ ने चर्चा बटोरी है। पंत ने गेंदबाजी कुलदीप यादव को खास नसीहत दी थी और कुछ ही समय बाद उसी जगह पर बावुमा कैच दे बैठे।

**पंत ने इस तरह बावुमा का शिकार करवाया**

दरअसल, मैच के दौरान कुलदीप यादव की गेंदबाजी पर उपकप्तान पंत ने फील्ड सेट की थी।

इसके कुछ देर बाद ही कुलदीप की एक फिरकी गेंद पर बावुमा लेग स्लिप में कैच दे बैठे। कुलदीप की गेंद उनके बल्ले के अंदरुनी हिस्से पर लगकर लेग स्लिप में खड़े ध्रुव जुरेल के पास पहुंची। जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इसके बाद खिलाड़ी पंत की ओर देखते रहे। बावुमा खतरनाक बल्लेबाज हैं और गेंदबाजों को थकाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन भारत ने पंत की सूझबूझ से उनका विकेट जल्द निकाल लिया।

**बुमराह ने रिकेल्टन और मार्करम को आउट किया**

इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने रेयान रिकेल्टन के बाद एडेन मार्करम को आउट किया। रिकेल्टन 23 रन और मार्करम 31 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह ने रिकेल्टन को पारी के 11वें ओवर में क्लीन बोल्ड किया था। इसके बाद 13वें ओवर में बुमराह ने मार्करम को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया था। एक और दिलचस्प चीज जो देखने को मिली, वह यह रही कि भारत के तीनों विकेटकीपर एकसाथ फील्डिंग करते दिखे।



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**भारत :** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

---------

**दक्षिण अफ्रीका :** एडन मार्करम, रेयान रिकेलटन, टोनी डी जॉर्जी, तेंबा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन (विकेटकीपर), मार्को यानसेन, साइमन हार्मर, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, सेनुरन मुथुसामी।

# लीलावति पब्लिक स्कूल, भुड़ भारत नगर में बाल दिवस पर "Kids Carnival Spectra" का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लीलावति पब्लिक स्कूल, भुड़ भारत नगर में 14 नवंबर 2025 को बाल दिवस के उपलक्ष में "Kids Carnival Spectra" कार्यक्रम का बेहद उत्साहपूर्ण और रंगारंग आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के माननीय डायरेक्टर श्री संजय बग्गा एवं आदरणीय प्रधानाचार्य श्रीमती नीरू बग्गा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न फूड स्टॉल, खेल प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, कला प्रदर्शनी, तथा अनेक मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। शिक्षकों और छात्रों द्वारा विविध संस्कृति एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए आकर्षक फूड स्टॉल लगाए गए। बच्चों के लिए विशेष रूप से फन जोन और हॉन्टेड हाउस भी तैयार किया गया, जिसने सभी बच्चों और




अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया। अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। समारोह के समापन पर डायरेक्टर श्री संजय बग्गा और प्रधानाचार्य श्रीमती नीरू बग्गा ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में आयोजित लकी ड्रॉ के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। साथ ही, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को भी फर्स्ट, सेकंड और थर्ड पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

# सिर्फ संजू सैमसन ही नहीं, नीलामी में तीन धाकड़ भी होंगे CSK के निशाने पर



**अश्विन ने कहा, 'मुझे पता है कि कैमरून ग्रीन को सीएसके में शामिल करने को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन मुझे लगता है कि वे खास तौर पर दो खिलाड़ियों को चुनेंगे।' जानिए उन दो खिलाड़ियों के नाम...**

**नई दिल्ली।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल को लेकर सीएसके की संभावित रणनीति पर महत्वपूर्ण बयान दिया है। जहां एक तरफ संजू सैमसन और रवींद्र जडेजा के बीच होने वाली संभावित ट्रेड ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, वहीं अश्विन ने साफ किया कि फ्रेंचाइजी की निगाहें सिर्फ एक ट्रेड पर नहीं टिकी हैं। उन्होंने तीन ऐसे खिलाड़ियों के नाम बताए हैं, जिन पर चेन्नई मेगा ऑक्शन में बड़ा दांव लगा सकती है।

अश्विन के मुताबिक, सीएसके अगले ऑक्शन में दो खिलाड़ियों को लेकर बेहद गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि कैमरून ग्रीन को सीएसके में शामिल करने को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन मुझे लगता है कि वे खास तौर पर दो खिलाड़ियों को चुनेंगे। एक डेविड मिलर और दूसरे मोहम्मद शमी। अश्विन का कहना है कि दोनों खिलाड़ी रिलीज हो सकते हैं और अगर ऐसा होता है, तो चेन्नई उन पर बड़ा निवेश करने से पीछे नहीं हटेगी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल एश की बात पर कहा, 'डेविड मिलर अगर रिलीज होते हैं तो सीएसके उनके लिए जाएगी। मोहम्मद शमी भी संभवतः रिलीज होंगे। एक और नाम राहुल चाहर का भी हो सकता है।' इतना साफ है कि सीएसके एक अनुभवी फिनिशर, मजबूत डेथ बॉलर और एक बैकअप लेग-स्पिन विकल्प की तलाश में है और ये तीनों नाम उसी टेम्पलेट को फिट करते हैं।

संजू सैमसन और रवींद्र जडेजा के बीच संभावित ट्रेड को लेकर अटकलें जारी हैं। अश्विन ने माना कि यह ट्रेड ब्रांड वैल्यू और नेतृत्व के हिसाब से सीएसके के लिए आकर्षक हो सकता है, लेकिन टीम की जरूरतों के हिसाब से वे थोड़े संदेह में हैं।

उन्होंने कहा, 'यह ट्रेड सैमसन और सीएसके दोनों के लिए ब्रांड आइडेंटिटी के लिहाज से शानदार है। एक टॉप-ऑर्डर कीपर-बैटर और कप्तानी की संभावना, सब फिट बैठता है। लेकिन टीम को चाहिए क्या था? एक पावर-हिटर और फिनिशर।' अश्विन के मुताबिक, आरसीबी जैसी टीमें इस वक्त चुपचाप मुस्कुरा रही हैं, क्योंकि उनके पास टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड जैसे फिनिशर पहले से मौजूद हैं।


**'PBKS क्यों छोड़ेगी मैक्सवेल को?':** सोशल मीडिया पर कई फैंस कह रहे हैं कि पंजाब किंग्स को ग्लेन मैक्सवेल को रिलीज करना चाहिए। इस पर अश्विन ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'फैंस बोलते रहते हैं कि पंजाब किंग्स मैक्सवेल को रिलीज करे। भाई वह ऐसा क्यों करेंगे? रिकी पोंटिंग हेड कोच हैं, जेम्स होप्स असिस्टेंट कोच हैं और टीम फाइनल में पहुंची। ऐसे में कौन रिलीज करेगा?' अश्विन ने जडेजा के संभावित सीएसके से बाहर होने पर निराशा जाहिर की। उनके मुताबिक, 'सीएसके की पहचान स्थिरता और खिलाड़ियों पर विश्वास थी। इन मूल्यों के कारण यह ब्रांड बना। जडेजा का जाना इस छवि से बिल्कुल उलट है।' उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैंस गुस्से में हैं, और वीडियो के कॉमेंट सेक्शन में उन्हें भी खरी-खोटी सुनाई जा रही है। अश्विन ने कहा, 'लोग हमको ही गालियां दे रहे हैं, जैसे हमने जडेजा को ट्रेड कर दिया हो! लोग मुझे ट्रेड को रोकने को कह रहे हैं।' अश्विन के मुताबिक, यह ट्रेड दो अलग-अलग चीजें हैं, लेकिन दोनों टीमों ने अपनी-अपनी जरूरतें देखते हुए फैसला लिया है।

## अश्विन का बड़ा खुलासा



**CSK की रणनीति सिर्फ ट्रेड नहीं..**

अश्विन की राय साफ करती है कि सीएसके सिर्फ एक बड़े ट्रेड की तरफ नहीं देख रही, बल्कि आईपीएल को एक रीबिल्डिंग फेज की तरह देख रही है। मिलर, शमी और राहुल चाहर जैसे अनुभवी विकल्प चेन्नई को एक नई दिशा दे सकते हैं। वहीं, सैमसन-जडेजा ट्रेड इतिहास के सबसे बड़े आईपीएल सौदों में से एक साबित हो सकता है।




# भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा को शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे प्रमुख चेहरे













गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा के जन्मदिवस पर गाजियाबाद के तमाम लोगों ने बधाई दी। इसी क्रम में दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता एवं समाचार संपादक दीपक भाटी ने उनके आवास पर पहुंचकर उनको बधाई दी एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर पुत्र विपुल शर्मा, पौत्र पार्षद शिवम शर्मा और नवेन्दु सक्सेना मौजूद रहे। वहीं उनको बधाई देने के लिए गाजियाबाद के प्रमुख चेहरों ने भी उनके आवास पर दस्तक दी। सांसद अतुल गर्ग, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह कसाना, वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व पार्षद हिमांशु लव, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया, आशुतोष बिंदल, मनु वशिष्ठ सहित तमाम चेहरे उनको बधाई देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। सभी ने बलदेव राज शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# डॉ. पीएन अरोड़ा को मिली जन्मदिवस पर अनेकों बधाई






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. पीएन अरोड़ा को दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता एवं समाचार संपादक दीपक भाटी ने जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर एचआरआईटी कॉलेज के प्रमुख अंजुल अग्रवाल एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर सुशील द्विवेदी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना अपने सुपुत्र के साथ विशेष रूप से डॉ. पीएन अरोड़ा को बधाई देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर मैं यही कहना चाहता हूं कि श्री अरोड़ा ने गाजियाबाद का नाम देश और विश्व के पटल पर ला दिया है। उनका अपनी माता के प्रति समर्पण देखने योग्य है। उन्होंने जिस तरह अपनी माता के निधन से प्रेरणा लेकर इतने बड़े हॉस्पिटल का निर्माण किया है वो मानवता की सेवा में बड़ा योगदान है। श्री साधना ने कहा कि उन्हें डॉ. पीएन अरोड़ा पर गर्व है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक? तब क्रान्तिकारी नजर आ रहे थे मैम्बर गोयल के अंदाज? पत्ते पर पत्ता चल कर उनकी बात को लगातार काटा जा रहा था साहब? तभी उन्होंने जाननी चाही पार्षद निधि की विधि? सोचा था बात मिलेगी सीधी? मगर सामने से अधिकारी ने कर दिया स्पष्ट? इस तरह की निधि की कोई व्यवस्था नहीं होती है? ना जाने इन शब्दों को सुनकर कैसे सहन किया होगा मिस्टर गोयल ने अपना कष्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की मैडम भगवा कमिश्नर को देना होगा अपनी टीम पर ध्यान? हम देख रहे हैं उनकी कमजोर होती हुई पकड़ को श्रीमान? उनकी टीम का ही एक महामंत्री पूर्व वाले अध्यक्ष के यहां पर दे रहा था हमें दिखाई? ये चेहरा डाल रहा था वहां पर आने वाले लोगों के गलों में पटके? नजारा देखते ही बन रहा था भाई? अभी तो चिंगारी दिख रही है? आगे आग भी दे सकती है दिखाई?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के कई मैम्बर्स को हो गई है अपने यहां के दो भगवा कमिश्नरों से शिकायत? वो दे रहे हैं संदेश? जब आये डिप्टी सीएम गाजियाबाद तो हमें नहीं समझा बुलाने के इन्होंने लायक? रावल और शर्मा पर ये आपस में साध रहे हैं निशाना? चर्चा है मिस्टर हिमांशु, भैया राहुल, चाचा मदन, भाई राघव, मिस्टर भूपेन्द्र, श्री भगवान, श्रीमान गोयल, चौधरी हिमांशु, चौधरी विनय को क्यों नहीं चाहा उन्होंने कार्यक्रम में बुलाना?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले चुनाव में मिस्टर दत्त का था मामला सबसे मजबूत? अगर सामने उनके टॉमक्रूज नहीं होते? तो फिर उपाध्यक्ष उनका 100% बनना था प्रूफ? बस यहीं से बिगड़ गया सारा गेम? इसलिए नहीं कर पाये वो यहां पर क्लेम? सुना है आया था प्रदेश से एक बहुत ही बड़े पदाधिकारी का फोन? जिसने पलट दिया था सारा गेम? अब ये राज दत्त के सीने में दफन है? कभी वो किताब लिखेंगे, तो जरूर करेंगे इस बात को एक्सप्लेन?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी-कभी तो हमें यहां के नेताओं पर होता है डाउट? जब भी होता है बात रखने का मौका, तब क्यों नहीं होती है इनकी भावनाएं आउट? डिप्टी सीएम रहे गाजियाबाद में काफी सारे कार्यक्रम में मौजूद? चाहते तो ये चेहरे हाउस टैक्स की बात उनके समक्ष रख सकते थे? मगर ये तो सब मिलकर स्माईल और फूलों के गुलदस्ते ही करते रहे यूज? कहने वाले ने कहा सच में सोयाबीन की 'चाप' खाकर ये अपनी भावनाओं को कर देते हैं 'लूस'?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा गया एक सरकारी मिशन पर ध्यान? मगर जो भी हुआ वो हुआ बाई चांस? मीटिंग की शुरूआत में भी नहीं हुआ राष्ट्रगान? जब मीटिंग खत्म हुई तब भी नहीं दिया देने वालों ने इस बात पर ध्यान? कहने वाले ने कहा अब ये चूक थी या थी कोई और वजह? जो भी हो पहली बार हमने किसी सरकारी मीटिंग में ऐसा देखा? राष्ट्रगान इग्नोर हुआ जिसको देखकर हमको नहीं आया मजा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक मंच पर दो ताकतवर भगवा लेडी दिखा रहीं थी बातचीत का तराना? सबको पता है कि दोनों के बीच नहीं है ऐसा मजबूत वाला फसाना? सुना है मंच के सामने बैठी एक भगवा शर्मा महिला ने मारा यहां पर ताना? बोली अगर हममें से कोई किसी बड़े नेता के यहां चला जाये? तो लाजमी हो जायेगा इनका नाराज हो जाना? हम कर लें मुलाकात तो हो जायेगी गुटबाजी? ये करें आपस में गुफ्तगू तो सबकुछ है राजी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि धीरे-धीरे भगवा योद्धा की आने वाली टीम क्लीयर हो रही है श्रीमान? धीरे-धीरे ही सही अब ऐसा लग रहा है कि होने वाला है इन चेहरों का समाधान? जिस तरह से योद्धा ने डिप्टी सीएम वाले कार्यक्रम में दिया है भगवा चौपड़ा और भगवा भारद्वाज को भाव? ऐसा लग रहा है गेम पर जरूर चलेंगे दांव? साहिबाबाद वाले युवा चौधरी को भी मिलेगा मेहनत का फल? खूब लगाये थे इन्होंने डिप्टी सीएम के योद्धा के बड़े बड़े फोटो के साथ होर्डिंग? कईयों के सीने इस नजारे को देखकर रहे थे जल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज कल हाथ वाले मैम्बर शर्मा के दिल पर छाया हुआ है निगम वाले साहब की तारीफ का खुमार? जब भी आप उनके पास खड़े हो जाओगे तो उनके दिल से निकलेंगे ऐसे ही विचार? वो कहते हैं कि साहब का सिर्फ और सिर्फ विकास पर है फोकस? हमने नहीं देखा है आजतक ऐसा अधिकारी? कहने वाले ने कहा शर्मा जी तारीफ क्यों ना करें? कई पार्षदों की सड़कों पर हुए हैं पैच वर्क के काम? इनके मौहल्ले की पूरी सड़क बनाने का टेंडर हुआ है जारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें हो गया है इस बात का एहसास? अब भगवा योद्धा दुआ में भी नहीं रखेंगे पूरी सुशीलता से किसी का नाम याद? सुना है इन्होंने दो चेहरों को सौंपी थी एक कार्यक्रम की जिम्मेदारी? इस कार्यक्रम में आने थे ऐसे अतिथि जो बताये जाते हैं भारी? सुना है इनके नेतृत्व में हो गया था पूरा कार्यक्रम खराब? इसलिए हम बता रहे हैं योद्धा किसी को भी रख लें? मगर अब किसी कार्यक्रम में इनको नहीं रखेंगे साथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय मान बहादुर कुशवाहा को श्रद्धांजलि








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता संजय कुशवाहा के पिता मान बहादुर कुशवाहा का 2 नवंबर को निधन हो गया था। शुक्रवार को उनकी शोक सभा कवि नगर रामलीला मैदान में बने जानकी भवन में आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने शोक सभा में पहुंचकर स्वर्गीय मन बहादुर कुशवाहा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।**

# एनडीए की बिहार जीत पर जेडीयू-भाजपा पदाधिकारियों ने साथ मनाया उत्सव



**गाजियाबाद । करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के आवास पर जनता दल (यू) महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल तथा जेडीयूझ भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर संयुक्त रूप से उत्सव मनाया। कार्यक्रम सादगीपूर्ण रहा, जिसमें दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मानस्वरूप पटका पहनाकर शुभकामनाएँ दीं।

मयंक गोयल ने इस अवसर पर संजय बिंदल को श्री गणेश की प्रतिमा भेंट करते हुए एनडीए गठबंधन की जीत को जनविश्वास की सफलता बताया। वहीं संजय बिंदल ने कहा कि यह परिणाम विकासवादी राजनीति और गठबंधन की सामूहिक प्रतिबद्धता की स्वीकृति है।

कार्यक्रम में पवन शर्मा, अनूप सोनी, ललित कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने एनडीए की जीत को जनता की सकारात्मक सोच की विजय बताते हुए राजनीतिक एकता, सौहार्द्र और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद संभालने के बाद
## पार्षद प्रवीण चौधरी ने लिया प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आशीर्वाद






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्षद प्रवीण चौधरी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। भूपेंद्र चौधरी ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर प्रवीण चौधरी को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए गाज़ियाबाद पहुंचे थे।

पदभार ग्रहण करने के बाद प्रवीण चौधरी ने निगम मुख्यालय में अपनी ज़िम्मेदारी विधिवत रूप से संभाली। इस दौरान दिनभर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और नए दायित्व के लिए बधाई दी। बाद में अग्रसेन वाटिका में भंडारा आयोजित कर प्रवीण चौधरी ने भगवान का आभार व्यक्त किया और जनता की सेवा को सर्वोपरि बताते हुए अपने कार्यकाल में पारदर्शिता और दक्षता का संकल्प दोहराया।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बिहार में एनडीए की प्रचण्ड जीत पर कार्यकर्ताओं संग मनाया उत्सव




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के बलराम नगर स्थित विधायक कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कार्यकताओं के साथ बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचण्ड जीत का जश्न मनाया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी और जीत को विकास तथा सुशासन पर जनता की मुहर बताया।

जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास ने एनडीए को यह शानदार सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता ने विकास आधारित राजनीति को स्पष्ट समर्थन दिया है। हरसिद्दी और कल्याणपुर विधानसभा सीटों पर प्रभारी के रूप में मिली प्रचण्ड जीत पर कार्यकताओं ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को विशेष रूप से मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान 'मोदी ज़िंदाबाद', 'अमित शाह ज़िंदाबाद', 'राजनाथ सिंह ज़िंदाबाद' के नारों से माहौल उत्साहित रहा। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि बिहार में मिली ऐतिहासिक विजय ने पूरे देश में सकारात्मक ऊर्जा भरी है। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा 350+ सीटें जीतकर पुनः प्रचण्ड बहुमत प्राप्त करेगी। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने आगामी चुनावों के लिए उत्साह और संकल्प के साथ भागीदारी जताई।



# 20 साल बाद भी बिहार की सत्ता का पर्याय हैं नीतीश

## बिहार चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रभाव से पलटी बाजी!

### बिहार में एनडीए को मिल रही बंपर जीत को लेकर गुजरात भाजपा में जश्न, ढोल-नगाड़े बजे

**नई दिल्ली।** बिहार में एक बार फिर राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। इस तरह बिहार में अब बीते 20 वर्षों की तर्ज पर ही नीतीश के फिर से सत्ता के शीर्ष पर काबिज होना तय हो गया है। 2005 के अंत में शुरू हुआ नीतीश कुमार का शासन अब अगले पांच साल चल सकता है।

**2005 में क्यों हुए दो बार चुनाव, 7 महीने में कैसे बदले सारे समीकरण**

आखिर बिहार विधानसभा चुनावों में 2005 से लेकर क्या-क्या हुआ है? किस तरह राज्य में अलग-अलग पार्टियों की सीटें और वोट प्रतिशत लगातार ऊपर-नीचे हुए हैं, लेकिन नीतीश कुमार किंग या किंगमेकर ही रहे हैं? इसके अलावा कैसे कम सीटें और वोट पाने के बावजूद नीतीश कुमार ने कैसे अपनी सत्ता बनाए रखी?

बिहार में 1990, 1995, 2000 के चुनाव में लालू प्रसाद यादव सत्ता में आए। उस दौर में तो यहां तक कहा जाता था कि समोसे में जब तक आलू रहेगा, तब तक बिहार की सत्ता में लालू रहेंगे। हालांकि, 2005 के चुनाव में स्थितियां पूरी तरह बदल गईं। ये स्थितियां ऐसी बदलीं की सात महीने के भीतर राज्य में दो बार चुनाव हुए।

फरवरी 2005 में बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद पहली बार चुनाव हुए। 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए राजद ने 215 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन उसे 75 सीटें मिलीं। जदयू और भाजपा गठबंधन में 138 सीटों पर चुनाव लड़ा जदयू 55 सीटें हासिल कर सका। 103 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 37 सीटें मिलीं। इस तरह 92 सीटें जीतने वाला एनडीए भी बहुमत से दूर रह गया।

**जब किंगमेकर बनी लोजपा, पर बिहार को किंग नहीं मिला :** इस चुनाव में जिस पार्टी ने अपने प्रदर्शन से सबसे ज्यादा चौंकाया, वह रामविलास पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी (लोजपा) थी। लोजपा को इस चुनाव में 29 सीटें मिलीं। वहीं, 84 सीटों पर उम्मीदवार उतारने वाली कांग्रेस 10 सीट ही जीत सकी। नतीजों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। जोड़तोड़ शुरू हुई। लोजपा किंगमेकर की भूमिका में थी। कहा जाता है कि नतीजों के बाद रामविलास पासवान इस बात पर अड़ गए कि वो किसी भी गठबंधन को समर्थन तभी देंगे जब किसी मुस्लिम को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। गतिरोध कायम रहा। लोजपा की शर्तों के आगे कोई समाधान नहीं निकल सका। अंततः राज्य में नए सिरे से चुनाव हुए।

**सात महीने में बदल गया बिहार :** चुनाव बाद किसी सरकार का गठन नहीं होने के चलते राज्य में राष्ट्रपति शासन लग गया। अक्तूबर-नवंबर में फिर चुनाव हुए। महज सात महीने बाद हुए इस चुनाव में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिल गया। जदयू को 88 और भाजपा को 55 सीटें मिलीं। इस तरह एनडीए 143 सीट जीतकर सत्ता में आया और नीतीश कुमार राज्य के नए मुख्यमंत्री बने। लालू यादव की राजद को महज 54 सीट से संतोष करना पड़ा। वहीं, फरवरी में किंगमेकर बनी लोजपा 29 से घटकर 10 सीट पर आ गई। कांग्रेस को इस बार केवल नौ सीट पर जीत मिली।



**2005-10: नीतीश ने मजबूत की बिहार पर अपनी पकड़**

2010 तक पसमांदा मुस्लिमों को सरकारी नौकरी में आरक्षण, महिलाओं को पंचायत-निकायों में आरक्षण, पिछड़ों में अति पिछड़ों के लिए कपूर्री ठाकुर फॉमूर्ले के आधार पर आरक्षित पदों के भीतर आरक्षण की व्यवस्था करके नीतीश कुमार ने महिलाओं, मुस्लिमों और अति पिछड़ों में अपना नया जनाधार तैयार किया। इसका असर अगले चुनाव में भी देखने को मिला, जब नीतीश एकतरफा जीत दर्ज की।

**2010 का विधानसभा चुनाव :** 2010 के चुनाव में नीतीश को अपनी योजनाओं जबरदस्त फायदा हुआ। जदयू और भाजपा गठबंधन 243 में से 206 सीटें

### नीतीश कुमार की बंपर जीत के क्या मायने, इस बार चुनाव में आखिर हुआ क्या?

जीतने में सफल रहा। एनडीए का वोट प्रतिशत भी करीब 40 फीसदी तक पहुंच गया। 141 सीटों पर चुनाव लड़ा जदयू 115 सीटों पर जीतने में सफल रहा। वहीं, 102 सीटों पर चुनाव लड़ी भाजपा को 91 सीटों पर जीत मिली। दूसरी तरफ लालू का राजद महज 22 सीट पर सिमट गया। कांग्रेस को महज चार सीटें तो लोजपा को तीन सीटें मिलीं।

**2010-15: सुशासन बाबू का तमगा पाया, भाजपा से गठबंधन तोड़ा :** अपने दूसरे पूर्ण कार्यकाल में नीतीश कुमार ने बिहार के मूलभूत ढांचे के विकास पर ध्यान देना शुरू किया। टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत से लेकर उनके चौड़ीकरण का काम और इसके बाद बिहार की बिजली व्यवस्था को सुधारा। इसी कार्यकाल में उनकी 'सुशासन बाबू' वाली छवि बनी।

---

# चिराग की रोशनी से रोशन एनडीए, जदयू-भाजपा से भी बेहतर रहा लोजपा का स्ट्राइक रेट

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना में लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान इस बार उम्मीदों से कहीं बढ़कर प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। दोपहर 12:30 बजे तक, उनकी पार्टी 27 में से 20 सीटों पर आगे चल रही थी। यानी लगभग 69% सीटों पर बढ़त, जो किसी भी क्षेत्रीय पार्टी के लिए बेहद मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है।

सुगौली, गोविंदगंज, बेलसंड, बहादुरगंज, कटिहार का कसबा, बलरामपुर, सिमरी बख्तियारपुर, बोचहां, दरौली, महुआ, बखरी, परबत्ता, नाथनगर, ब्रह्मपुर, चेनारी, डेहरी, ओबरा, शेरघाटी, राजौली और गोबिंदपुर।

**2020 से 2025 तक का सफर-बड़ा बदलाव :** 2020 के चुनाव में एलजेपी ने 130 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन सिर्फ एक सीट जीत सकी। उस समय एलजेपी के उम्मीदवार कई जगह दूसरे नंबर पर रहे थे, लेकिन पार्टी विभाजन और सीट बंटवारे को लेकर एनडीए से दूर हो गई थी। फिर भी, चिराग




पासवान की 2020 की आक्रामक मुहिम को जदयू के वोट कटाव का कारण माना गया था, जिससे नीतीश कुमार की सीटें 71 से घटकर 43 रह गई थीं। इस बार तस्वीर बिल्कुल उलट है, लोजपा रामविलास खुद एनडीए के साथ है और गठबंधन के लिए मजबूत स्तंभ बनकर उभर रही है।

**मोदी-नीतीश की जोड़ी बनी एनडीए की ताकत**

**नीतीश कुमार की चुनावी परीक्षा और जनता का फैसला :** करीब दो दशक तक बिहार पर शासन कर चुके नीतीश कुमार के लिए यह चुनाव राजनीतिक भरोसे की बड़ी परीक्षा माना जा रहा था। कभी सुशासन बाबू के नाम से मशहूर नीतीश के सामने इस बार चुनौती थी, जनता की नाराजगी और उनके गठबंधन बदलने की छवि। लेकिन रुझान साफ बता रहे हैं कि जनता एक बार फिर उनके अनुभव और शासन मॉडल पर भरोसा जता रही है।

इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक साथ, एक मंच पर दिखे। इसने गठबंधन को नई ऊर्जा दी, कल्याणकारी योजनाएं, सड़क-बिजली-नौकरी का वादा, और प्रशासनिक स्थिरता का संदेश जनता तक सीधा पहुंचा। पीएम मोदी की देशभर में लोकप्रियता और नीतीश की जमीनी पकड़ ने मिलकर गठबंधन को बंपर बढ़त दिलाई है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में हुआ है, जिसमें पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को हुई। वहीं मतदान की प्रतिशत की बात की जाए तो पहले चरण में जहां 65.08 फीसदी वोटिंग हुई, वहीं दूसरे चरण में बंपर 68.69 वोटिंग हुई है। राज्य के विधानसभा चुनाव में कुल मतदान प्रतिशत 67.13 दर्ज हुआ है।

**बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के नतीजे? :** 2020 विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच था। इस चुनाव में एनडीए ने 125 सीटें जीतीं थीं। इनमें सबसे ज्यादा 74 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं।

---

# नूंह तक दिल्ली ब्लास्ट की जांच

## मुजम्मिल का करीबी मुस्तकीम हिरासत में



**नूंह।** दिल्ली विस्फोट मामले में जांच के रही एनआईए ने बुधवार रात में जहां पिनगवां से खाद विक्रेता दिनेश सिंगला को गिरफ्तार किया, वहीं दिल्ली पुलिस द्वारा सुनहेड़ा के मुस्तकीम पुत्र शहीद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि वह अल फलाह यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस करने के बाद अप्रेंटिस पर था। 2 नवंबर को अप्रेंटिस खत्म हुई थी। बताया जा रहा है कि 9 नवंबर को मुस्तकीम एम्स में टेस्ट देने के लिए गया था। बुधवार को दिल्ली पुलिस ने सुनहेड़ा गांव में दस्तक दी, पूछताछ करने के बाद पुलिस वापस चली गई। इसके बाद गुरुवार रात को मुस्तकीम को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि मुस्तकीम असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुजम्मिल के संपर्क में था।

मेवात के नूंह से अमोनियम नाइट्रेट बनाने के लिए फर्टिलाइजर खरीदा गया था। स्पेशल सेल की टीम ने नूंह में छापा मारा है। वहां कई फर्टिलाइजर की दुकानों की वीडियो बनाकर जम्मू कश्मीर पुलिस को भेजा है, ताकि मुजम्मिल उस दुकान की पहचान कर सके जहां से उसने और उमर ने फर्टिलाइजर के तौर पर केमिकल लिया था।

बाद में उन्होंने गुरुग्राम, नूंह और आसपास के इलाकों से बम तैयार करने के लिए तीन लाख रुपये का 20 क्विंटल से ज्यादा (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटैशियम) उर्वरक खरीदा।

उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच पैसों का विवाद भी था। उमर ने सिग्नल ऐप पर 2-4 सदस्यों वाला एक ग्रुप बनाया था।

---

# बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले नहीं : संजय राउत

## भाजपा पर लगाया सांठगांठ का आरोप

**बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसद ने कहा कि इसमें कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। यह महाराष्ट्र जैसा पैटर्न है। उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर सांठगांठ का आरोप भी लगाया।**



**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को बड़ी जीत मिलती नजर आ रही है। इस बीच, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव नतीजे चौंकाने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने मिलकर अपना 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूरा किया है। राउत ने यह भी कहा कि बिहार के ये नतीजे 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तरह ही हैं, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना और राकांपा) को बड़ी जीत मिली थी।

बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए बिहार में बहुमत से कहीं आगे नजर आ रहा है। शुरूआती रुझानों में 243 सीट में से 180 से ज्यादा सीट पर एनडीए मजबूत बढ़त बनाए हुए था। इसी के साथ यह भी माना जा रहा था कि भाजपा अब तक की अपनी सबसे बड़ी सीट संख्या हासिल कर सकती है। राउत ने एक्स पर कहा कि बिहार के नतीजों में 'महाराष्ट्र पैटर्न' साफ नजर आ रहा है। उनका इशारा 2024 के महाराष्ट्र चुनाव की तरफ था, जिसमें विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) को हार झेलनी पड़ी थी।

उन्होंने लिखा, बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों पर हैरान होने की जरूरत नहीं है।


चुनाव आयोग और भाजपा जिस तरह हाथ मिलाकर राष्ट्रीय एजेंडा चला रहे हैं, ऐसे में अलग नतीजे की उम्मीद ही बेकार थी।

---

# सुशासन...बेदाग छवि और महिलाएं नीतीश कुमार को बना गईं 'अजेय'

**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार एक ऐसा किरदार बनकर उभर रहे हैं, जिनके सियासी किले को अगर अजेय दुर्ग कहा जाए तो गलत नहीं होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि बीते 20 साल में 10वीं बार नीतीश मुख्यमंत्री बनने की दहलीज पर खड़े हैं। विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे आ रहे हैं। मतगणना के बीच माना जा रहा है कि नीतीश कुमार ही एनडीए की तरफ से मुख्यमंत्री बनेंगे।

बिहार में एक बार फिर सत्ता का ताज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सिर सजने जा रहा है। एनडीए गठबंधन बिहार में निर्णायक जीत की ओर बढ़ रहा है। अभी तक के चुनाव परिणाम के मुताबिक भाजपा और जदयू गठबंधन 190 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। महिला वोटरों की पहली पसंद रहे नीतीश कुमार एक बार फिर अपने परंपरागत मतदाताओं के दम पर सत्ता में वापसी कर रहे हैं। उनकी बेदाग और सुशासन बाबू की छवि महागठबंधन के मुद्दों पर भारी पड़ती दिख रही है। नीतीश की इस जीत के कई मायने हैं।



**महिलाओं ने रखा नीतीश कुमार का मान :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस चुनाव से पहले बिहार में अपने परंपरागत मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का एलान किया था। इसके तहत सरकार की ओर से 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई थी। इससे पहले भी नीतीश महिला मतदाताओं के रिझाने के लिए कई योजना का एलान कर चुके हैं।

**चुनाव प्रचार में नीतीश की चुप्पी :** चुनाव के एलान से पहले नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं। उनकी सेहत को लेकर कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्षी दलों के साथ-साथ चुनावी विश्लेषक नीतीश के स्वास्थ्य को एनडीए के लिए घातक मान रहे थे। लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान नीतीश कुमार संयमित दिखे, उनकी खराब सेहत के कोई वीडियो सामने नहीं आए। चुनाव में नीतीश अपने काम को गिनाते नजर आए और विपक्ष को लेकर कोई ऐसी बयानबाजी नहीं की, जिससे उन्हें चुनाव में नुकसान पहुंचता।

**जंगलराज पर भारी पड़ा सुशासन :** पूरे चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए लालू यादव के कार्यकाल के 'जंगलराज' के मुद्दे को उठाता दिखा। जिसका असर चुनाव के परिणामों पर भी देखने को मिल रहा है। नीतीश कुमार और भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान लालू यादव के कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था के मुद्दे को लगातार उठाती दिखी। पीएम मोदी, अमित शाह अपनी रैलियों में नीतीश कुमार के सुशासन की जमकर तारीफ करते दिखे थे। नीतीश की शानदार छवि का असर चुनाव परिणामों के तौर पर सामने आया है।

**नीतीश की व्यक्तिगत छवि :** 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश पर बिहार में मतदाताओं का भरोसा कायम है। इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी नीतीश कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। वहीं राजनीतिक दलों पर लगने वाले परिवारवाद के आरोपों से भी नीतीश कुमार बचे रहे हैं।

---

# लाल किला विस्फोट : पुलवामा में डॉ. उमर का घर किया जमींदोज

**नई दिल्ली।** लाल किला विस्फोट को अंजाम देने वाले आतंकी डॉ. उमर उन नबी का जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में घर ध्वस्त कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उमर गुमसुम रहता था। वह जरूरत पर ही घर से बाहर निकलता था। कई लोग तो उसका नाम तक नहीं जानते हैं। अमर उजाला की टीम ने उमर के कोइल गांव में जाकर वहां के हालात जाने। कोइल के छोटे बाजार में पहले तो मीडिया से बात करने से लोग कतराते रहे। फोटो या वीडियो न लेने का आश्वासन देने के बाद कुछ लोग बात करने के लिए माने। एक किराना दुकानदार मोहम्मद शफी से डॉ. उमर के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि उसे बचपन से देखते आया हूं। जिस तरह से लड़के बाजार में घूमते हैं वैसे उसे कभी



घूमते नहीं देखा।

वह नमाज पांच वक्त पढ़ता था, वो भी घर पर ही। लोगों से कम बात करता था। उमर की दिल्ली ब्लास्ट में भूमिका पर शफी बोले, हमने जब मीडिया के जरिये यह बात सुनी तो हमारे पैरों तले से जमीन खिस्क गई। एक अन्य स्थानीय बशीर अहमद ने कहा कि उमर को गांव के एक लाख के करीब लोगों में केवल 1500 ही उसे जानते थे। उमर तो इन 1500 को भी नहीं जानता था।

**संकरी गली में उमर का घर, एक युवक बोला-मामले की जांच होनी चाहिए :** बाजार के बाद हमने उमर के घर की ओर रुख किया। करीब 200 मीटर तक संकरी गलियों में से आगे बढ़ते हुए हम उसके घर के गेट के पास पहुंचे। उमर के घर में लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। घर के गेट के बाहर कुछ युवक थे। उनका भी यही कहना था कि वो धार्मिक प्रवृति का था। युवा आबिद (बदला हुआ नाम) ने कहा कि इस परिवार का कोई शख्स ऐसा नहीं था। उमर ने यदि ऐसा किया है तो जांच होनी चाहिए।

**विस्फोट में शामिल कार की खरीद-फरोख्त से जुड़े तीन लोग हिरासत में :** आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विस्फोट में शामिल कार की खरीद-फरोख्त से जुड़े तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच एचआर नंबर की आई-20 गाड़ी के साथ वायरल फोटो में संबूरा पुलवामा के आमिर रशीद मीर को लेकर यह बात सामने आई थी कि यह गाड़ी उसकी है। हालांकि परिवार के अनुसार फोटो में आमिर के साथ देखी जा रही गाड़ी उसकी नहीं है। बताया जा रहा है कि आमिर पेशे से प्लम्बर है।

---

# चिल्ड्रन डे : मजदूरी की जमीन पर उगते सपने

## ईंट उठाने वाले नन्हे हाथ अब कलम से गढ़ रहे अपना भविष्य

**नई दिल्ली।** सुबह की धूप में धूल से भरी सड़क के किनारे, जब महिलाएं सीमेंट के कट्टे और लोहे की छड़ें उठाती हैं, तो उनके छोटे-छोटे बच्चे पास की मिट्टी में खेलते हुए जिंदगी की पहली तस्वीर बनाते हैं। कभी इन बच्चों के हाथों में किताब की जगह ईंट हुआ करती थी। सपनों में स्कूल की घंटी नहीं, ठेकेदार की सीटी गूंजती थी। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। क्योंकि कुछ ऐसी महिलाएं हैं, जो कभी खुद उन्हीं बस्तियों की आवाज थीं, आज उन्हीं बच्चों के भविष्य की राह बन गई हैं। छोटी बस्तियों में शिक्षा अब सिर्फ सरकारी योजना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की लड़ाई बन चुकी है। जहां बच्चों के नाम अब स्कूल की उपस्थिति रजिस्टर में दिखते हैं। मांओं की हथेलियों की दरारों से अब उम्मीद झरती है, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि उनके बच्चों का कल अब उन्हीं की तरह धूल में नहीं, किताबों में लिखा जाएगा।

**सुनीता की मुस्कान में उम्मीद की चमक :** द्वारका सेक्टर 21 के पास एक निर्माण स्थल पर काम करतीं सुनीता



देवी रोज सुबह 7 बजे मजदूरी पर जाती हैं। उनके दो बच्चे सोनू (3) और मोनी (6) अब पास के ही क्रैचर में पढ़ते हैं। सुनीता कहती हैं, कि पहले बच्चे वहीं साइट पर मिट्टी में खेलते थे।

सिर पर बोरी उठाते वक्त बस यही डर रहता था कि कहीं कोई गाड़ी उन्हें छू न जाए। अब जब वो स्कूल बैग लेकर जाते हैं, तो मन हल्का हो जाता है।

**NAME CHANGED**

I, Vishwajeet Pandey, son of Shri Jag Vijay Pandey, resident of Flat No. A-603, Signature Residency, Trans Delhi Signature City, Tronica City, Ghaziabad, Uttar Pradesh–201103, hereby state that my incorrect name is Vishwjeet, and my correct name is Vishwajeet Pandey. In the future, I should be known and identified by my correct name, i.e., Vishwajeet Pandey.

**Ghaziabad Development Authority**
VIKAS PATH, GHAZIABAD
(ISO 9001 : 2015 & ISO 14001 : 2015 certified organization)

**Expression of Interest (EOI)**
For
**Operation, Maintenance and Management of Bunkar Mart Cum Expo and Convention Center at Madhuban Bapudham Scheme, Ghaziabad.**

Details of EOI can be downloaded from the website **https://gdaghaziabad.in** from date **16.11.2025**
**Proposal Submission Start Date : 16.11.2025**
**Last date for submitting response : 09.12.2025**
**EOI Fee : Rs. 5,000/- (in the form of Demand Draft (DD) in favour of VC, Ghaziabad Development Authority.)**

Further enquiry can be made from Executive Engineer (EE Zone-3) on mobile no 9918001944 during office hours (10:00 AM To 5:00 PM).

**Chief Engineer**

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएप: 9990988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प




# बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएँ– जनता ने विकास और सुशासन के मॉडल पर जताया भरोसा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं उम्मीद से अधिक जीत के बाद गाज़ियाबाद और पश्चिम उत्तर प्रदेश के भाजपा नेताओं ने व्यापक प्रतिक्रियाएँ दीं। नेताओं ने कहा कि बिहार का यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व पर जनता की गहरी आस्था का प्रमाण है। अधिकांश नेताओं ने माना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासनिक अनुभव ने मिलकर एक भरोसेमंद मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने जातीय राजनीति और नकारात्मक प्रचार को पीछे छोड़ दिया।

नेताओं ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्गों और लाभार्थियों के बीच एनडीए की योजनाओं का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसके चलते कई सीटों पर पारंपरिक समीकरण भी टूट गए। जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से इस जनादेश को विपक्ष के लिए एक संदेश और एनडीए के लिए जनता के निरंतर समर्थन की पुष्टि बताया।

## जनता ने सुशासन और स्थिरता के पक्ष में वोट दिया : दिनेश गोयल



करंट क्राइम। भाजपा एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि बिहार का जनादेश सुशासन, सुरक्षा और विकास की स्वीकार्यता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियाँ और नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव जनता में भरोसा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दों को उठाने में पीछे रह गया और उसके पास कोई सुसंगत रणनीति नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता की स्पष्ट दिशा का संकेत है।

## ग्रामीण वोटों ने विकास को मजबूत समर्थन दिया : राजीव त्यागी



करंट क्राइम। ब्लॉक प्रमुख भाजपा, मुरादनगर राजीव त्यागी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में एनडीए सरकार की योजनाओं का असर बहुत गहरा रहा है और इसका परिणाम वोटों में साफ दिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ग्रामीण योजनाओं ने गांवों के जीवन स्तर को बेहतर किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पंचायत स्तर तक कोई मजबूत पकड़ नहीं बना पाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकासझआधारित वोटिंग पैटर्न की ओर बड़ा संकेत है।

## वंचित समाज ने भरोसा जताकर विपक्ष के भ्रम को तोड़ा : प्रदीप चौहान 'वाल्मीकि'



करंट क्राइम। क्षेत्रीय महामंत्री, भाजपा पश्चिमी क्षेत्र प्रदीप चौहान ने कहा कि दलित और वंचित समाज ने इस चुनाव में एनडीए को समर्थन देकर यह दिखा दिया है कि वे भ्रम फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ सीधे इस वर्ग तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों पर केवल बयानबाजी तक सीमित रहा। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं की स्वीकार्यता को दशार्ता है।

## स्थिरता और सुशासन जनता की पहली पसंद : राजीव शर्मा



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने इस चुनाव में यह दिखा दिया कि वे केवल वही राजनीति चाहते हैं जो स्थिरता, सुशासन और परिणाम प्रदान करे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने कई क्षेत्रों में सुधार किया है जिनका असर लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अभियान केवल विरोध पर आधारित था, समाधान पर नहीं। उन्होंने कहा कि यह जनादेश स्थिर शासन के पक्ष में स्पष्ट संकेत है।

## युवाओं और मध्यम वर्ग ने स्पष्ट विकल्प चुना : योगेश भाटी



करंट क्राइम। पूर्व महानगर मंत्री, भाजपा योगेश भाटी ने कहा कि युवाओं और मध्यम वर्ग ने बिहार चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई और उन्होंने स्थिरता, काम और नीति आधारित सरकार को चुना। उन्होंने कहा कि युवाओं का भरोसा एनडीए की योजनाओं पर ज्यादा रहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष उनके लिए कोई ठोस विजन पेश नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि आने वाले समय में युवा राजनीति को और परिपक्व दिशा देंगे।

## स्थिर नेतृत्व जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा : ओमदत्त कौशिक



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमदत्त कौशिक ने कहा कि बिहार की जनता ने दिखाया है कि वह स्थिर नेतृत्व चाहती है। उन्होंने कहा कि अनिश्चित गठबंधन मॉडल अब जनता को आकर्षित नहीं करता। उन्होंने कहा कि एनडीए की टीम ने विकास और सुशासन के माध्यम से जनता का भरोसा मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष विश्वसनीय विकल्प नहीं दे पाया।

## स्थानीय मुद्दों पर काम ने जनता का विश्वास जीता – संदीप त्यागी



**करंट क्राइम।** भाजपा के मुरादनगर शहर मंडल प्रभारी संदीप त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव में स्थानीय समस्याओं—सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य—पर किए गए कार्यों का आम लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने जमीनी स्तर पर योजनाओं का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों पर जनता को संतुष्ट नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश स्थानीय विकास की स्पष्ट स्वीकृति है।

## यिुवाओं ने स्पष्ट नीति और काम को महत्व दिया : महेंद्र यादव



करंट क्राइम। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा महेंद्र यादव ने कहा कि युवाओं ने इस बार जिस प्रकार एनडीए को समर्थन दिया है वह बताता है कि वे अब स्पष्ट दिशा, रोजगार अवसर और स्थिर नेतृत्व चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष युवाओं के लिए कोई स्पष्ट दृष्टिकोण या योजना पेश नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, रोजगार, स्टार्टझअप और शिक्षा सुधारों का असर बिहार के युवाओं ने महसूस किया और उसी आधार पर निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश युवा वर्ग की सोच में आए बदलाव का संकेत है।

## बिहार में काम और नेतृत्व की राजनीति को जनता का समर्थन : संजीव त्यागी



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद, भाजपा संजीव त्यागी ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम यह दिखाते हैं कि जनता अब केवल वही मॉडल स्वीकारती है जो जमीन पर काम करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संयुक्त नीतियों ने राज्य में एक स्थिर और विकासशील वातावरण तैयार किया, जिसका लाभ आम लोगों ने महसूस किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अभियान बिना मुद्दों का था और उसे जनता ने गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश सकारात्मक राजनीति और जवाबदेह शासन की जीत है।

## जिम्मेदार राजनीति की जीत : सचिन डागर



करंट क्राइम। निगम पार्षद, भाजपा सचिन डागर ने कहा कि बिहार चुनाव परिणाम जिम्मेदार और कामकाजी राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पहले भी कई क्षेत्रों में सुधार किया है और जनता ने उन सुधारों को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल बयानबाजी करता रहा और समाधान पेश करने में असफल रहा। उन्होंने कहा कि जनता ने जिम्मेदार विकल्प चुना है।

## ओबीसी समाज ने स्थिर और विकासोन्मुखी नीतियों का समर्थन किया : श्यामवीर चौधरी



करंट क्राइम। सदस्य, प्रदेश कार्य समिति, ओबीसी मोर्चा भाजपा श्यामवीर चौधरी ने कहा कि बिहार चुनाव में ओबीसी समाज की भूमिका निर्णायक रही और उन्होंने एनडीए के पक्ष में सामूहिक समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं ने इस वर्ग को वास्तविक लाभ दिया, जिसे विपक्ष समझ नहीं पाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नैरेटिव भ्रम पर आधारित था, जबकि एनडीए का काम जमीनी स्तर पर दिख रहा था। उन्होंने कहा कि यह जनादेश ओबीसी समाज की अपेक्षाओं और विश्वास का प्रतिबिंब है।

## जनता ने विकास, सुरक्षा और सुशासन पर मुहर लगाई : विनीत शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा विनीत शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में बहुत परिपक्वता दिखाई और मुद्दों के आधार पर स्पष्ट निर्णय दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सड़क, बिजली, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार किए, जो लोगों के लिए महसूस करने योग्य रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव भर असंगत और असंगठित दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश अनुभव और विश्वसनीय नेतृत्व की जीत है।

## ओबीसी समाज ने विकास और स्थिरता को प्राथमिकता दी : राजेश गुप्ता



करंट क्राइम। राष्ट्रीय सहकारी नीति एवं शोध विभाग, ओबीसी मोर्चा भाजपा के राजेश गुप्ता ने कहा कि बिहार में ओबीसी समाज ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई और उन्होंने स्पष्ट रूप से एनडीए को चुना। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों ने सामाजिक न्याय और आर्थिक सुधार को गति दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार भ्रम फैलाने वाली राजनीति करता रहा, जबकि ओबीसी समाज ने उस नैरेटिव को स्वीकार नहीं किया। यह जीत विकास और सहभागिता की राजनीति की जीत है।

## स्थानीय से लेकर राज्य स्तर तक योजनाओं का असर दिखा : कुलदीप त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद कुलदीप त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि जनता हर उस योजना को मान्यता देती है जो सीधे उसके जीवन को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, पेंशन, सड़क और रोजगार योजनाओं को जिस तरह लागू किया, उसका असर वोटों में दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न कोई ठोस विजन था और न ही जमीनी पकड़। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकहितकारी नीतियों की स्वीकार्यता है।

## सकारात्मक राजनीति की दिशा में जनता का स्पष्ट झुकाव : निर्दोष त्यागीं



करंट क्राइम। भाजपा नेता निर्दोष त्यागी ने कहा कि बिहार के चुनाव नतीजों में जनता की राजनीतिक परिपक्वता साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जाति, क्षेत्रवाद और नकारात्मक मुद्दों के बजाय विकास, सुरक्षा और शिक्षा जैसे वास्तविक मुद्दों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की रणनीति पूरी तरह पुरानी और अप्रासंगिक साबित हुई। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सकारात्मक राजनीति की जीत है।

## युवा मतदाताओं ने अवसर और स्थिरता को प्राथमिकता दी : युगांक यादव



करंट क्राइम। प्रदेश सचिव, भाजपा युवा मोर्चा युगांक यादव ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणामों ने यह दिखाया है कि युवा अब सिर्फ नारे नहीं, बल्कि अवसर और स्थिरता खोजते हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा और उद्यमिता के लिए एनडीए सरकार की योजनाएँ युवाओं से सीधा जुड़ाव रखती हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीति युवा मुद्दों से दूर रही और इसलिए वह युवा वर्ग को प्रभावित नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश युवा शक्ति के नए राजनीतिक रुख का संकेत है।

## विपक्ष की रणनीति मुद्दों से दूर रही, जनता ने सच्चाई को चुना : सतपाल प्रधान



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान ने कहा कि चुनाव परिणामों ने यह साबित किया है कि जनता अब भावुक नारों के बजाय तर्क और काम को अधिक महत्व देती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव भर अपने ही बयानों में उलझा रहा और वह जनता के असली मुद्दों पर कोई स्पष्ट योजना प्रस्तुत नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एनडीए ने गांवों, कस्बों और शहरों में योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया, जिसका असर सीधे वोटों में दिखाई दिया। उनके अनुसार यह परिणाम एक राजनीतिक संदेश भी देता है — जनता अब केवल वही स्वीकारती है जो जमीन पर दिखाई दे।

## व्यापारियों और मध्यम वर्ग का भरोसा एनडीए के साथ रहा : अनुज मित्तल



करंट क्राइम। महानगर संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा अनुज मित्तल ने कहा कि बिहार चुनाव में व्यापारियों और उद्यमियों ने एनडीए सरकार पर भरोसा जताया क्योंकि उसकी नीतियाँ स्थिर और व्यवहारिक रही हैं। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक वातावरण को सुधारने में केंद्र और राज्य की योजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से कोई ठोस आर्थिक मॉडल सामने नहीं आया, जिसके कारण मतदाता उनके साथ नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि यह जीत आर्थिक दृष्टिकोण की स्पष्टता की जीत है।

## पंचायत स्तर तक योजनाओं का असर दिखा : अतुल त्यागी



करंट क्राइम। अध्यक्ष भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ, अध्यक्ष गोविंदपुरम आरडब्ल्यूए के अतुल त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह दिखा दिया है कि विकास केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पंचायत स्तर तक इसका प्रभाव पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएँ सीधे ग्रामीण परिवारों के जीवन में सुधार लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ग्राम स्तर पर कोई विश्वसनीय विकल्प नहीं दे पाया और न ही लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत जमीनी स्तर पर योजनाओं की स्वीकृति है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Rahul Sharma
3h ·

महानगर महामंत्री बड़े भाई पप्पू पहलवान जी के भतीजे सचिन तंवर के सगाई समारोह में रहना हुआ।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपनों के साथ अपनों की खुशी में शामिल होने का मजा ही अलग है। राहुल शर्मा जब महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के भतीजे सचिन तंवर के सगाई समारोह में शामिल हुए तो उन्होंने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## वसुंधरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार जीत पर खुशी मनाई




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा, में बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। महिला मोर्चा वसुंधरा मंडल की अध्यक्ष निशी त्यागी के आवास पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय कार्यालय सह प्रभारी महिला मोर्चा कदंबरी कौशिक नवीन त्यागी अनुराग मिश्रा, डॉ. कार्तिक शर्मा, रिचा शर्मा, पुनित भट्ट बलराम त्यागी कार्तिक शर्मा सहित पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासिगण उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा की इस विजय को जनसमर्थन और नेतृत्व की जीत बताते हुए एक-दूसरे को हार्दिक बधाई दी और पूरे उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे लगेंगी लाइटें नितिनगडकरी ने दे दिया है आदेश

**गाजियाबाद।** मेरठ के सांसद अरुण गोविल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बताया कि था कि इस महत्वपूर्ण एक्सप्रेस वे पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, जिससे हादसे बढ़ रहे हैं।इसके बाद गडकरी ने लाइटें लगाने का आदेश दे दिया। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे जल्द ही जगमगाता दिखेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने इसके लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इससे जहां यातायात सुगम होगा, वहीं दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। सांसद अरुण गोविल ने बताया कि उन्होंने गडकरी से मिलकर इस मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने का अनुरोध किया था। यह महत्वपूर्ण और लंबे समय से लंबित मांग थी, जो अब पूरी हो गई है।

## बिहार चुनाव का साइड इफेक्ट!

## गाजियाबाद में एसआईआर अभियान पर समाजवादी नेताओं का एक्शन मोड ऑन

**शिकायत दर्ज करने के लिए हर विधानसभा के मोबाइल नंबर जारी,बीएलओ फॉर्म की समस्या अब सीधे नेतृत्व तक पहुँचेगी**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार चुनाव के ताजा माहौल का सीधा असर अब गाज़ियाबाद में भी दिख रहा है, जहाँ समाजवादी नेताओं ने रक्क्रविशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड ऑन कर दिया है। इछड से संबंधित शिकायतें, मतदाता सूची की दिक़्क़तें और फॉर्म भरने में आने वाली परेशानियों को लेकर पार्टी ने पहली बार हर विधानसभा के लिए सीधे मोबाइल नंबर जारी किए हैं, ताकि आम कार्यकर्ता अपनी समस्या सीधे नेतृत्व तक पहुँचा सकें। लोनी-53 के ललित बंसल (9310480241), मुरादनगर-54 के आकाश अग्रवाल (8439070507), साहिबाबाद-55 के अवतार सिंह (9310072319), गाज़ियाबाद-56 के शाहनवाज खान (9911272632), मोदीनगर-57 ।




## चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।



# उड़ान के लिए छह घंटे तक फंसे रहे एथलीट

## वेतन ना बढ़ाने पर इंजीनियर्स ने जानबूझकर कराई देरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस यानी पीआईए में इंजीनियरों के साथ लंबे समय से चल रहे विवाद ने देश की उड़ान सेवाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। इसी विवाद के बीच इस्लामिक सॉलिडेरिटी गेम्स में हिस्सा लेने जा रही पाकिस्तान की एथलेटिक्स टीम शुक्रवार को लाहौर एयरपोर्ट पर छह घंटे से अधिक समय तक फंसी रही। टीम में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम और उनके कोच सलमान बट भी शामिल हैं।





**पीआईए और उसके इंजीनियरों के बीच विवाद ने पाकिस्तान की उड़ान सेवाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। इसके कारण लाहौर एयरपोर्ट पर पाकिस्तान की एथलीट की टीम को रियाद जाने में छह घंटे से अधिक की देरी का सामना करना पड़ा। इंजीनियर और पीआईए दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए है।**

एथलीटों की टीम सुबह छह बजे लाहौर एयरपोर्ट पहुंची थी, लेकिन पीआईए की रियाद जाने वाली फ्लाइट 9.25 बजे उड़ान भरने के बजाय छह घंटे से अधिक देरी से चल रही थी। सलमान बट ने बताया कि देर का कारण ह्यतकनीकी समस्याह्ल बताया गया, लेकिन वास्तविक वजह इंजीनियरों और पीआईए प्रबंधन के बीच जारी तकरार है, जिसके चलते उड़ानें बार-बार प्रभावित हो रही हैं।

### पीआईए प्रबंधन में विवाद गहराया

एसएईपी से जुड़े इंजीनियर पिछले कई सप्ताह से एयरवर्थीनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं कर रहे हैं, जिससे कई विमान ग्राउंडेड हो गए। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूटों पर बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द या प्रभावित हुई हैं। इंजीनियरों की नाराजगी वेतन वृद्धि, बेहतर सुविधाओं और पुर्जों की समय पर उपलब्धता को लेकर है। वहीं, पीआईए प्रबंधन का कहना है कि इंजीनियर एसेनशियल सर्विसेज ऐक्ट का उल्लंघन कर रहे हैं।

### एयरलाइन ने दिया सफाई बयान

पीआईई का दावा है कि उड़ान रद्द होने या देरी का कारण ह्यशेड्यूल रेशनलाइजेशनह्ल और सामान्य परिचालन कारण हैं। लेकिन पिछले एक महीने से जारी व्यवधानों ने साफ कर दिया है कि इंजीनियरों के साथ संघर्ष ही असली वजह है। लाहौर, कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भी कई उड़ानें रद्द और कई घंटों की देरी से प्रभावित हुईं।

### पीआईए पर निजीकरण का दबाव

पीआईए पहले से ही भारी कर्ज और वित्तीय संकट में है। इसी महीने 20 वर्षों में पहली बार मुनाफा दर्ज करने के बावजूद सरकार एयरलाइन के निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

पीआईए ने एसएईपी पर निजीकरण को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश' का आरोप लगाया है, जबकि इंजीनियरों का कहना है कि वे काम पर हैं, लेकिन बिना पूर्ण जांच के विमान क्लियरेंस देना संभव नहीं है।

---

# हमास ने सौंपा एक और बंधक का शव

## क्रोएशिया में तुर्की में पंजीकृत विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



**तुर्की।** इस्राइली सेना ने गुरुवार को बताया कि गाजा में रेड क्रॉस को एक शव सौंपा है, जो संभवतः किसी बंधक का हो सकता है। सेना के अनुसार 10 अक्टूबर से इस्राइल और हमास के बीच लागू संघर्षविराम के दौरान अब तक 24 बंधकों के शव इस्राइल को लौटाए जा चुके हैं। अगर अब सौंपा गया शव भी किसी बंधक का साबित होता है, तो अब तीन बंधक गाजा में बाकी रह जाएंगे।

इसके बाद इस्राइली ने बरामद शव की पहचान मेनी गोडार्ड के रूप में की, जिन्हें दक्षिणी इस्राइली के किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था। उनकी पत्नी, ऐलेट, हमले के दौरान मारी गई थीं। हमास और फलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सशस्त्र शाखाओं ने कहा कि गोडार्ड का शव दक्षिणी गाजा में बरामद किया गया।

समझौते के तहत हर बंधक के शव के बदलेइस्राइल 15 फलिस्तीनियों के शव वापस कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक कुल 315 शव उन्हें वापस मिल चुके हैं। इस्राइल ने कहा है कि वह रेड क्रॉस से प्राप्त शव की पहचान और डीएनए जांच पूरी होने के बाद आधिकारिक पुष्टि करेगा कि यह बंधक का शव है या नहीं।

---

## अमीनुद्दीन खान बने पाकिस्तान की नई संघीय सांविधानिक अदालत के पहले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान को गुरुवार को पाकिस्तान के नव-स्थापित संघीय सांविधानिक न्यायालय (एफसीसी) का पहला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

जियो न्यूज ने एक आधिकारिक बयान के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर इस नियुक्ति को मंजूरी दी। कानून मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार खान की नियुक्ति उनके पद की शपथ लेने की तारीख से प्रभावी होगी। रिपोर्ट के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होगा, जहां मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के साथ-साथ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

---

# जी7 बैठक के दौरान गुटेरेस से मिले जयशंकर

## वैश्विक हालात और भारत की भूमिका पर अहम चर्चा

**टोरंटो।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मौजूदा वैश्विक हालात, क्षेत्रीय तनावों और बहुपक्षीय व्यवस्था की भूमिका पर चर्चा हुई। इस बात की जानकारी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी। उन्होंने उन्होंने गुटेरेस की वैश्विक घटनाक्रम पर राय को महत्व दिया और भारत के विकास को लेकर उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही गुटेरेस के भारत दौरे

की संभावनाओं पर जयशंकर ने कहा कि वह जल्द ही गुटेरेस का भारत में स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। यह बैठक कनाडा की अध्यक्षता में हो रही ऋ7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई, जिसमें भारत को विशेष आमंत्रित देश के रूप में शामिल किया गया है। ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर भारत का पक्ष

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात कर वैश्विक हालात, क्षेत्रीय तनाव और बहुपक्षीय व्यवस्था पर बातचीत की**



जी7 आउटरीच बैठक में जयशंकर ने ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर भारत की सोच साझा की। उन्होंने कहा कि दुनिया को सप्लाई चेन में निर्भरता कम करने और उसे अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

जयशंकर ने यह भी कहा कि नीतिगत बातचीत अच्छी है, लेकिन असली बदलाव तभी होगा जब इन नीतियों को जमीन पर लागू किया जाए। भारत इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए तैयार है।

**समुद्री सुरक्षा पर भारत का जोर:** साथ ही जी7 की एक अन्य बैठक में समुद्री सुरक्षा और समृद्धि पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत महासागर दृष्टिकोण और इंडो-पैसिफिक सहयोग के तहत समुद्री क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भरोसेमंद व विविध समुद्री मार्गों की जरूरत, महत्वपूर्ण समुद्री और अंडरसी इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा और समुद्री अपराधों, जैसे चोरी, तस्करी और अवैध मछली पकड़ने के खिलाफ बेहतर वैश्विक तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत समुद्री क्षेत्र में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में उभर रहा है और इंडो-पैसिफिक में राहत-बचाव अभियानों के लिए देशों के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है।

**भारत की सक्रिय वैश्विक भूमिका:** गौरतलब है कि भारत, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ इस जी7 बैठक में शामिल हो रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार ऐसे में जी7 में जयशंकर की भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर काम करने और ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# रूसी लड़ाकू विमान Su-30 दुर्घटनाग्रस्त

## प्रशिक्षण के दौरान फिनलैंड सीमा के पास क्रैश, 2 पायलटों की मौत

**रूसी लड़ाकू विमान Su-30 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा उस वक्त हुआ, जब विमान प्रशिक्षण पर था। फिनलैंड सीमा के पास विमान क्रैश हुआ, जिसमें 2 पायलटों की मौत हो गई।**



**मास्को।** रूसी लड़ाकू विमान Su-30 प्रशिक्षण के दौरान फिनलैंड सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 2 पायलटों की मौत हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार शाम फिनलैंड की सीमा से लगे करेलिया क्षेत्र में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर निकला एक रूसी Su-30 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसके दो चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई।

**बिना गोला-बारूद के भरी थी उड़ान:** रूसी समाचार एजेंसी ळअरर की ओर से जारी रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, ₹मास्को समयानुसार शाम लगभग 7:00 बजे, करेलिया में एक Su-30 लड़ाकू विमान एक निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मंत्रालय ने बताया कि विमान बिना किसी हथियार के उड़ान भर रहा था और घनी जंगलों वाले निर्जन इलाके में गिरा।

**दुर्घटनास्थल पर भेजी आपातकालीन सेवाएं:** क्षेत्रीय गवर्नर आर्टुर परफेनचिकोव ने कहा कि रूस के उत्तर-पश्चिमी गणराज्य करेलिया के अधिकारियों ने एक सैन्य विमान के कथित दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवाएं भेजी हैं।

**जमीन पर किसी भी तरह की क्षति नहीं:** उन्होंने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, मुझे प्रियोनेज्स्की जिले में एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली है। मैंने करेलिया की आपातकालीन सेवाओं को संदिग्ध दुर्घटनास्थल पर भेज दिया है।

गवर्नर ने बाद में पुष्टि की कि जमीन पर किसी भी तरह की क्षति या जनहानि नहीं हुई, क्योंकि विमान घने जंगल वाले क्षेत्र में गिरा था।

---

# अंतरिक्ष में फंसे चीन के एस्ट्रोनॉट्स धरती पर लौटेंगे मिशन के दौरान यान में खराबी से अटकी थी वापसी

**बीजिंग।** अंतरिक्ष में फंसे चीन के तीन एस्ट्रोनॉट्स जल्द ही धरती पर वापस लौटेंगे। अंतरिक्ष मिशन के दौरान इनके यान से अंतरिक्ष के मलबे का एक टुकड़ा टकरा गया था। अब नया क्रू अंतरिक्ष भेजा जा रहा है और उनके यान में ये अंतरिक्ष यात्री धरती पर वापस लौटेंगे।

### अप्रैल में गए थे अंतरिक्ष यात्री

चीन के सरकारी मीडिया ने बताया कि ये तीनों अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने के रोटेशन पर थे और 1 नवंबर को नए दल के पहुंचने के चार दिन बाद वापस धरती पर लौटने वाले थे। हालांकि अंतरिक्ष यात्रियों के शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान के अंतरिक्ष मलबे के एक छोटे से टुकड़े से टकराने की आशंका के बाद उनकी वापसी रद्द कर दी गई थी। सरकारी मीडिया के अनुसार, अब वे शेनझोउ-21 यान से



वापस आ रहे हैं। तीनों अंतरिक्ष यात्री - चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी - अप्रैल में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन गए थे।

### 2030 तक चांद पर इंसान उतारने की तैयार कर रहा चीन

चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष इंजीनियरिंग कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि 'वे (अंतरिक्षयात्री) अच्छी स्थिति में हैं, काम कर रहे हैं और सामान्य रूप से रह रहे हैं।' चीन ने 2003 से अपना अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू किया था और उसके बाद से


**सरकारी मीडिया के अनुसार, अब वे शेनझोउ-21 यान से वापस आ रहे हैं। तीनों अंतरिक्ष यात्री - चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी - अप्रैल में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन गए थे।**

लगातार प्रगति की है। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाया है और 2030 तक चंद्रमा पर मानव को उतारने का लक्ष्य रखा है। शेनझोउ-21 मिशन के नवीनतम मिशन में प्रयोगों के लिए चूहों को अंतरिक्ष ले जाया गया है, जो चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम में पहली बार हुआ।

---

# ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जब्त किया मार्शल द्वीपसमूह के झंडे वाला तेल टैंकर

**दुबई।** ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे मार्शल द्वीपसमूह के झंडे वाले एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया। ईरान ने इस जहाज को रोककर अपने क्षेत्रीय पानी की ओर मोड़ दिया। रणनीतिक रूप से बेहद अहम इस मार्ग में कई महीनों बाद ऐसी पहली कार्रवाई हुई है। अमेरिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



**ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में मार्शल द्वीपसमूह के झंडे वाले तेल टैंकर तालारा को जब्त कर अपने जल क्षेत्र में मोड़ दिया, जो महीनों बाद इस तरह की पहली घटना थी। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि तालारा को ईरानी बलों ने रोका और एक अमेरिकी ड्रोन घटना की घंटों तक निगरानी करता रहा।**

हालांकि, ईरान ने इस जहाज की जब्ती की तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है। लेकिन यह घटना ऐसे समय हुई है, जब तेहरान लगातार चेतावनी दे रहा है कि जून में इस्राइल के साथ 12 दिन की जंग और अमेरिकी हमलों से उसके परमाणु ठिकानों पर हुए नुकसान का बदला लिया जा सकता है।

अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने खुफिया जानकारी से जुड़े मुद्दों पर नाम न छापने की शर्त पर बात की। उन्होंने कहा, यह जहाज 'तालारा' संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अजमान से सिंगापुर जा रहा था। तभी ईरानी बलों ने उसे रोक लिया।

अमेरिकी नौसेना का एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन कई घंटों तक उस जगह के ऊपर घूमता रहा, जहां तालारा मौजूद था। इस ड्रोन की उड़ान से जुड़ी जानकारी की जांच एसोसिएटेड प्रेस ने की, जिसमें यह दिखाई दिया कि ड्रोन घटना को देख रहा था। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि तीन छोटी नावों ने तालारा के पास पहुंचकर उसे घेरा।

ब्रिटेन की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस इकाई ने भी इस घटना की पुष्टि की। उसका कहना है कि 'किसी राज्य की गतिविधि' के कारण तालारा को ईरानी जल क्षेत्र की ओर मुड़ना पड़ा। जहाज के ग्रीक मालिकों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी नौसेना पहले भी 2019 में कई टैंकरों पर हुए लिम्पेट माइन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहरा चुकी है। 2021 में एक इस्राइल से जुड़े तेल टैंकर पर ड्रोन हमले में चालक दल के दो यूरोपीय सदस्यों की मौत का आरोप भी ईरान पर लगा था। इन हमलों के बाद हालात और जटिल तब हो गए, जब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान जहाजों पर हमले शुरू किए। इससे लाल सागर में अहम समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई।

---

# ट्रंप ने फोस्टर केयर से बाहर आने वाले बच्चों के लिए नया आदेश किया जारी, मेलानिया की पहल पर फैसला





**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक एक्जिक्यूटिव आदेश जारी किया है। इसका मकसद उन बच्चों और युवाओं की मदद करना है, जो फोस्टर केयर में बचपन बिताने के बाद अचानक अपने बलबूते जिंदगी शुरू करने को मजबूर हो जाते हैं। यह फैसला मेलानिया ट्रंप की पहल पर किया गया है।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक अहम 'फॉस्टरिंग द फ्यूचर' नाम का एक्जिक्यूटिव आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद उन बच्चों और युवाओं की मदद करना है, जो फोस्टर केयर में बचपन बिताने के बाद अचानक अपने बलबूते जिंदगी शुरू करने को मजबूर हो जाते हैं।

### ये देश में बदलाव की चिंगारी है- मेलानिया

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह आदेश सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक पूरे देश में बदलाव की चिंगारी है। उन्होंने कहा, 'यह आदेश मेरे लिए गर्व की बात है। इसमें दया भी है और दूरदर्शिता भी।

मुझे यकीन है कि यह छोटा कदम आगे चलकर बड़े बदलाव की शुरूआत बनेगा।' यह पहल अमेरिकी फोस्टर केयर व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### मेलानिया की पहल पर लिया गया फैसला

यह कदम अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप की पहल पर आगे बढ़ाया गया है, जो काफी समय से फोस्टर केयर सिस्टम को आधुनिक और अधिक मानवीय बनाने पर काम कर रही हैं। ट्रंप ने इस मौके पर कहा, 'समाज की असल पहचान यह है कि वह अपने अनाथ और कमजोर बच्चों की कितनी परवाह करता है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा सुरक्षित और प्यार भरा घर पाए।'

### फोस्टर केयर से निकलने के बाद अकेले पड़ जाते हैं बच्चे

उन्होंने बताया कि हर साल करीब 15,000 बच्चे ऐसे होते हैं जो फोस्टर केयर से बाहर निकलने के बाद पूरी तरह अकेले पड़ जाते हैं और जरूरी संसाधनों की कमी से जूझते हैं। ट्रंप ने कहा, 'हमारा मानना है कि हर अमेरिकी बच्चे को सुरक्षित और प्यार भरा माहौल मिलना चाहिए। यह आदेश उन परिवारों को भी समर्थन देगा जो फोस्टर बच्चों की देखभाल करते हैं।'

---

# शार्लोट पर अगला इमिग्रेशन शिकंजा? स्थानीय अफसर बोले- संघीय एजेंसियां जल्द उतर सकती है

**नॉर्थ कैरोलिना।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन मुहिम का अगला निशाना अब शार्लोट हो सकता है। मेक्लेनबर्ग काउंटी के शेरिफ गैरी मैकफैडन ने बताया कि दो संघीय अधिकारियों ने उन्हें पुष्टि की है, यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) के एजेंट इस शनिवार या फिर अगले हफ्ते की शुरूआत में शहर में कार्रवाई शुरू कर सकते हैं। शेरिफ ने कहा कि अभी तक न तो उन्हें अभियान का पूरा ब्यौरा दिया गया है और न ही उनसे किसी मदद की मांग की गई है।

### डीएचएस चुप- 'हम भविष्य के ऑपरेशंस पर बात नहीं करते'

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) की असिस्टेंट सेक्रेटरी ट्रिशा मैकलॉफलिन ने इस पूरे मामले पर टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'डीएचएस रोज देश भर में कानून लागू करता है, लेकिन भावी ऑपरेशंस पर हम बात नहीं करते।'

ट्रंप पहले भी लॉस एंजिलिस, शिकागो जैसे डेमोक्रेट-शासित शहरों



में भारी संख्या में एजेंट भेजने को सही ठहराते रहे हैं। उनका कहना है कि ये ऑपरेशन अपराध रोकने और बड़े पैमाने पर निर्वासन की योजना के लिए जरूरी हैं। शार्लोट भी डेमोक्रेट्स का गढ़ है, जहां लगभग 1.5 लाख विदेशी मूल के लोग रहते हैं। शहर की आबादी का अनुपात- 40% श्वेत, 33% अश्वेत, 16% हिस्पैनिक और 7% एशियाई।

**एक हत्या बन रही है सरकार का बड़ा तर्क:** इस साल गर्मियों में एक रेलगाड़ी में यूक्रेनी शरणार्थी इरिना जरुत्सकाहस की चाकू से हत्या को भी प्रशासन कार्रवाई का आधार बता रहा है। इस मामले में एक आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्ति पर आरोप लगा है। सरकार के अनुसार यह घटना दिखाती है कि 'डेमोक्रेटिक शहर अपने नागरिकों को सुरक्षित रखने में नाकाम हैं।'

शहर के कार्यकर्ता, धार्मिक नेता और जनप्रतिनिधि पहले ही समुदाय को तैयार कर रहे हैं। बुधवार को शार्लोट पूर्व नाम के समूह की तरफ से आयोजित एक कॉल में 500 से ज्यादा लोग जुड़े। नव-निर्वाचित सिटी काउंसिल सदस्य जेडी मजुएरा आरियास ने कहा कि मकसद 'आपसी मदद का नेटवर्क' बनाना है। शार्लोट-मेक्लेनबर्ग पुलिस विभाग ने कहा कि उनके पास फेडरल इमिग्रेशन कानून लागू करने का अधिकार नहीं है और वे इस कार्रवाई का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन मजुएरा आरियास और अन्य नेताओं ने बताया कि उन्हें पहले से ही कुछ इलाकों और ट्रांजिट रूट्स पर साधारण कपड़ों में संदिग्ध अधिकारियों की मौजूदगी की अनौपचारिक रिपोर्टें मिल रही हैं। राज्य सीनेटर कालेब थियोड्रोस बोले-'शिकागो में भी यही उथल-पुथल देखने को मिली थी।'